



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 09 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 08 अक्टूबर 2024 डाक 09 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
वीरांगना रानी दुर्गावती सुशासित व समृद्ध साम्राज्य की प्रेरणास्रोत


**देश-विदेश**
इजरायल के हमले से पहले क्या ईरान ने किया भूमिगत परमाणु परीक्षण रहस्यमयी भूकंप से अटकलें तेज


**कोरिया जिला**
कालेज के छात्रों ने गरबा की अदभुत प्रस्तुति देकर मोहा स्वास्थ्य मंत्री को



## रुझानों में हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार, जम्मू कश्मीर में कांग्रेस को बढ़त

**नईदिल्ली, 08अक्टूबर [एजेंसी]।**

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में हरियाणा में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। इस तरह हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगने की उम्मीद बन गई है। वहीं जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन आगे चल रहा है। दोनों राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसलिए भी नजर है क्योंकि ये नतीजे आगामी राज्यों के चुनाव पर भी असर डाल सकते हैं। जम्मू कश्मीर में 90 सीटों के लिए तीन फेज में वोटिंग हुई थी। वहीं हरियाणा में सिर्फ एक फेज यानी 5 अक्तूबर को मतदान हुआ था। दोपहर के आंकड़ों के अनुसार, रुझानों में हरियाणा में भाजपा 49 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस 35 सीटों पर आगे है। वहीं इनेलो 2 सीटों पर और अन्य चार सीटों पर आगे हैं।



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, ऐसा पहली बार हो रहा है कि चैनल अपने रिपोर्टर के आंकड़े नहीं बल्कि चुनाव आयोग के आंकड़े दिखा रहे हैं और चुनाव आयोग के आंकड़े 4 या 5 वें राउंड के हैं, जबकि हमारे कंट्रोल रूम से 11/12 राउंड के आंकड़े आ चुके हैं। 4 राउंड के बाद विनेश फोगाट को पीछे दिखाया गया लेकिन 9 राउंड के बाद वो 5200 वोटों से आगे हैं। आंकड़ों में इस अंतर को लेकर हमारे महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर चुनाव आयोग से पूछा है कि स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाने की ये क्या कोशिश है। हम चुनाव आयोग से इस पर तुरंत कार्रवाई करने और रुझानों को अपडेट करने की मांग कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने चुनाव रुझानों पर कहा, मैं बहुत खुश हूं, मैं कहता रहा हूं कि हम 50 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। मैं अभी भी उम्मीद कर रहा हूं कि अंतिम परिणाम भी इसी के अनुरूप होंगे। हम एक स्थिर और समावेशी सरकार चाहते हैं, जिसके जरिए हम एक नया संघर्ष शुरू कर सकें जो और भी मजबूत तरीके से आगे बढ़ेगा।

कोई भी व्यक्ति या कोई भी राजनीतिक दल जो भाजपा को सत्ता के गलियारे से दूर रखने के पक्ष में है, उसका हार्दिक स्वागत है। रुझानों में जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेकां गठबंधन बहुमत का आंकड़ा पार कर चुका है। कांग्रेस गठबंधन 48 सीटों पर आगे है। वहीं भाजपा 28 सीटों पर, पीडीपी 4 सीटों पर आगे है। अन्य 10 सीटों पर आगे चल रहे हैं। हरियाणा में ताजा रुझानों के अनुसार, भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। साढ़े 11 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा 50 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं कांग्रेस 34 सीटों पर और इनेलो प्लस 2 सीटों पर आगे है।

## ईडी का दावा, महादेव सट्टे की कमाई से बनती रहीं है फिल्में, जांच में बॉलीवुड के कई कलाकार घेरे में

**रायपुर, 08अक्टूबर [एजेंसी]।**



प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप (बुक) के मामले में एक अर्से बाद नया राजफाश किया है। ईडी ने एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और बॉलीवुड कलाकारों के बीच के संबंधों की जानकारी मुंबई कोर्ट में दायर अभियोजन शिकायत में की है। इसमें ईडी ने कहा है कि सट्टेबाजी से हुई करोड़ों की कमाई का बड़ा हिस्सा फिल्म प्रोडेक्शन में लगाया गया। यह पैसा मुंबई स्थित कुरैशी प्रोडेक्शन कंपनी के जरिए निवेश किया गया है। जांच में यह भी उजागर हुआ है कि फर्म के डायरेक्टर वसीम कुरैशी के दुबई स्थित इवेंट मैनेजमेंट फर्म मुस्कान एंटरटेनमेंट भी संचालित करता है। इसी फर्म ने फरवरी 2023 में यूएई के रास अल खैमाह में हुई सौरभ चंद्राकर की शादी में बॉलीवुड कलाकारों की स्टार नाइट शो की व्यवस्था की थी। अदालत में दायर अभियोजन शिकायत (पीसी) के अनुसार वसीम कुरैशी और सौरभ चंद्राकर के भाई गीतेश चंद्राकर ने कई फिल्मे बनाने की बात स्वीकार किया है।

इसके आधार पर ईडी ने वसीम कुरैशी उनकी फिल्मों में काम करने वाले बॉलीवुड कलाकार से पूछताछ के संकेत दिए है। ईडी की जांच में साफ हुआ है कि वसीम कुरैशी और उनके सीईओ करण रमानी के साथ मुस्कान के लाभार्थी हैं। कुरैशी,सौरभ चंद्राकर के भाई गीतेश चंद्राकर से जुड़े हैं और साथ में कई फिल्मों का निर्माण किया था। इनमें साल 2022 की फिल्म देहाती डिस्को का नाम शामिल है।

## रांची में आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी की छापामारी

### कई अधिकारियों पर शिकंजा, तलाशी जारी




**रांची, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

ईडी को मैनेज करने के मामले में पंडरा थाना में दर्ज प्राथमिकी मामले में मंगलवार को रांची में आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी का छापा। यह छापेमारी मैनेज करने वाले कथित अधिवक्ता के साथ साथ तीन अंचलाधिकारियों व उनके सहयोगियों के ठिकानों पर जारी है। आरोपितों में जय कुमार राम, दिवाकर द्विवेदी, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि नामक व्यक्तियों के ठिकानों पर छापा मारा है।

## मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी ने ताजमहल का किया दीदार

**आगरा।** भारत के दौरे पर आए मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद ने मंगलवार को ताजमहल का दीदार किया। राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी प्रेम के प्रतीक इस धरोहर को देखकर भाव विभोर हो गए और कहा, वाह, ताज!। मुइज्जू के विजिट को देखते हुए ताजमहल में सुबह 8 बजे से ही पब्लिक की एंट्री रोक दी गई थी। उनके अगवानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय को विशेष रूप से भेजा था। बता दें कि भारत के पर्यटन को लेकर विवादास्पद बयान के कारण मुइज्जू अपने दौरे से पहले ही चर्चे में थे। मुइज्जू की ताजमहल यात्रा के लिए सुबह 8.55 से 9.55 बजे तक का समय निर्धारित था। इसी को देखते हुए ताजमहल में सुबह 8 से 10 बजे तक पर्यटकों की एंट्री रोक दी गई थी। इस दौरान पूर्वी और पश्चिमी गेट स्थित टिकट विंडो भी बंद रहे। यूपी सरकार के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुइज्जू रविवार को नई दिल्ली पहुंचे थे, जहां सोमवार को राष्ट्रपति भवन में उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि उनके देश की मालदीव फर्स्ट की नीति से भारत के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मालदीव कभी भी कुछ ऐसा नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचे।



## पूर्व सीएम बघेल ने जारी की पुलिस के एफआईआर में दर्ज 167 लोगों की सूची

### साहू समाज के 137 लोगों पर गंभीर धाराएं

**रायपुर, 08अक्टूबर [एजेंसी]।**

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने लोहारीडीह के रघुनाथ साहू हत्याकांड में पुलिस के दर्ज एफआईआर में 167 लोगों के नाम की सूची जारी की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी की, जिसमें साहू समाज के 137, यादव समाज के 20, आदिवासी समाज के आठ, मानिकपुरी और पटेल समाज के एक-एक लोग हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि लोहारीडीह में पूरे गांव को संगीन धाराओं में फंसाकर जेल में डाला गया है।



भाजपा सरकार 167 लोगों को फांसी की सजा दिलाना चाह रही है, एफआईआर से स्पष्ट हो रहा है। 167 लोगों के खिलाफ ऐसी-ऐसी धाराएं लगाई गई हैं, जिसमें सभी को फांसी की सजा, दोहरी उम्रकैद समेत अलग-अलग धाराओं में वर्षों तक जेल में बंद रखने की सजा हो सकती है। सरकार ने अपनी विफलता का बदला पूरे गांव से लिया है। पुलिस ने सिर्फ एक व्यक्ति विनोद साहू के बयान के आधार पर 167 लोगों को जेल में डाल दिया है। पूरे गांव का बयान लेना था, उसके बाद कार्रवाई होनी थी। गांव के जो लोग बाहर हैं, उन पर भी गिरफ्तार की तलवार लटक रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि लोहारीडीह मामले में आईपीएस विकास कुमार को क्यों निलंबित किया गया, क्या विवेचना सही नहीं किया गया था।

## सुकमा में एक नक्सली ढेर

**सुकमा, 08अक्टूबर [एजेंसी]।**

नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच एक और मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ भेज्जी थाना क्षेत्र के ग्राम पामलूर के जंगल-पहाड़ियों में हुई, जिसमें जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया। मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, भेज्जी थाना क्षेत्रान्तर्गत नक्सलियों कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्यों के उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर, 206 कोबरा, 208 कोबरा, 131 सीआरपीएफ और 212 सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ग्राम डब्बाकोंटा, एंटापाड़ बुर्कलंका, पामलूर, सिंघनमड़गू व आस-पास क्षेत्र की ओर ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। ऑपरेशन के दौरान कल शाम ग्राम पामलूर के जंगल-पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में घटनास्थल से 1 पुरुष नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली के शव को शिनाख्तगी की कार्रवाई किया जा रही है।

## ग्रामीण को नक्सलियों ने उतारा मौत के घाट, मुखबिरी का आरोप लगाया

**बीजापुर, 08अक्टूबर [एजेंसी]।**



बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां नक्सलियों ने एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार ये पूरा मामला जिले के पोषड़पल्ली गांव का है। नक्सलियों ने युवक पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया है और उन्हें मौत के घाट उतार दिया है। माओवादियों ने लाश के पास एक पर्चा भी छोड़ा है, जिसमें मुखबिरी की सजा देने की बात कही गई है। ग्रामीणों और परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

फिलहाल पुलिस इसे लेकर जांच में जुट गई है। बीतें दिनों जवानों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी। जवानों ने एक साथ 31 नक्सलियों को मार गिराया था। अबूझमाड़ इलाके में नक्सली बड़े हमले की प्लानिंग कर रहे थे। जवानों की इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर दबिश दी और इस मुठभेड़ में 31 नक्सलियों को मार गिराया था।






## यति के बयान पर बवाल: मेरठ में पुलिस पर पथराव... अलीगढ़ में छात्रों का प्रदर्शन, गाजियाबाद में 16 मामले दर्ज


**गाजियाबाद, 08अक्टूबर [एजेंसी]।**

गाजियाबाद के डासना के देवी मंदिर के महंत और जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान से यूपी में उठा बवाल थम नहीं रहा। मेरठ के साथ अलीगढ़, आगरा, एटा व कन्नौज में सोमवार को मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतरे तो गाजियाबाद में यति के समर्थकों ने प्रदर्शन किया। मेरठ में मुंडाली में बिना अनुमति प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। यहां भीड़ ने रोके जाने पर पुलिस पर पथराव कर दिया।

पुलिस ने यहां 30 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जुलूस में शामिल युवा और बच्चे तलवार और लाठी-डंडे लहराते हुए धार्मिक और देशविरोधी नारेबाजी कर रहे थे। अलीगढ़ में एएमयू के छात्रों में उबाल दिखा। हजारों की संख्या में छात्रों ने विरोध मार्च निकाला। यहां मखदूम नगर निवासी मो. अकबर की तहरीर पर भी नरसिंहानंद के खिलाफ जीरो एफआईआर के तहत विवादित टिप्पणी करने का मामला दर्ज किया गया। आगरा में भी उत्तर प्रदेश मुस्लिम महापंचायत ने कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला।उधर, गाजियाबाद में बवाल के बाद दोनों पक्षों की ओर से कुल अब 16 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें 16 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं, सहारनपुर के शेखपुरा में हुए रविवार को हुए बवाल के मामले में सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर कई अन्य उपद्रवियों की पहचान हो गई है। जिन 13 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया था, उन्हें सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नरसिंहानंद के समर्थकों ने सोमवार को गाजियाबाद पुलिस आयुक्त के दफ्तर के बाहर हंगामा प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस अफसरों से सवाल किया कि आखिर यति नरसिंहानंद कहां हैं। इस पर अधिकारियों ने सिर्फ इतना कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं। पुलिस ने कविनगर थाने में 150 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।



## भारत समेत कई देशों में ठप हुआ इंस्टाग्राम, यूजर्स नहीं कर पा रहे पोस्ट




**नईदिल्ली।** Meta के स्वामित्व वाले फोटो शेयरिंग एप इंस्टाग्राम के डाउन होने की खबर है। वेबसाइट के आउटेज को ट्रैक करने वाली साइट downdetector.in ने भी इंस्टाग्राम के आउटेज की पुष्टि की है। डाउनडिटेक्टर पर अभी तक करीब 500 लोगों ने आउटेज की शिकायत की है। इंस्टाग्राममें आउटेज की शुरुआत आज यानी 8 अक्तूबर को सुबह 11.15 बजे से हुई है। 70 फीसदी यूजर्स ने लॉगिन, 16 फीसदी ने सर्वर एरर और 14 फीसदी ने एप में दिक्कत की शिकायत की है।

### संजय रॉय ने दुष्कर्म के बाद डॉक्टर की हत्या की कोलकाता मामले में सीबीआई चार्जशीट में दावा

**कोलकाता 8 अक्टूबर।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में सीबीआई आज चार्जशीट दाखिल करेगी। इस चार्जशीट में सीबीआई ने आरोपी संजय रॉय को महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या का आरोपी बनाया है। संजय रॉय कोलकाता पुलिस के साथ बतौर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ काम कर रहा था। सीबीआई आज सियालदह की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल करेगी।








स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


मोर सपना,
मोर विकसित छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
अमृत काल
छत्तीसगढ़ विजन 2047
विकसित राज्य की ओर एक पहल
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अपने सुझाव एवं विचार
राज्य नीति आयोग के नागरिक पोर्टल
पर QR कोड स्कैन कर साझा करें
S-41634/1
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# निविदा होने के एक वर्ष बाद भी नहीं बनी सड़क

## नगर पालिका जांजगीर के अधिकारी का मनमौजी रवैया उजागर

**जांजगीर नैला।** नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 के बीच परशुराम भवन मार्ग में बनने वाली सड़क निविदा होने के एक वर्ष बाद भी नहीं बन पाया है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर के जनप्रतिनिधि कितने लापरवाह एवं उदासीन है, वहीं पालिका अधिकारी भी जनहित के कार्यों पर निष्क्रीय हैं जिसके कारण वार्ड की जनता को सुविधाओं से महरूम होना पड़ रहा है।

इस संबंध में अवगत हो कि नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 के बीच परशुराम भवन से तिवारी बालोद्यान तक जाने वाली मार्ग का सी सी रोड निर्माण किए जाने हेतु नगर पालिका ने एक वर्ष से पहले टेंडर निकली थी किंतु इस निविदा कार्य में केवल कुछ दूरी तक का ही नाली निर्माण कराया जा सका है और सड़क निर्माण को पालिका ने चालू तक नहीं करवा पाए नतीजा यह है कि खराब सड़क में लोग चलने को विवश है जबकि यह मार्ग एक तरह से मुख्य मार्ग की तरह शॉर्टकट वाली मार्ग है जहां लिंक रोड से सीधे कचहरी चौक पहुंचा जा सकता है। इस आवश्यक कार्य को करने के लिए वार्ड क्रमांक 16 के भाजपा पार्षद हितेश यादव न तो रुचि लिए और न ही वार्ड क्रमांक 17 के कांग्रेस पार्षद विवेक सिसोदिया ने कोई पहल किया। फलस्वरूप वार्ड वासियों के लिए समस्या आज भी विद्यमान है। इसका टेंडर कराए जाने के बाद भी एक साल में सड़क बनाना तो दूर वर्क आर्डर तक जारी नहीं किया जा सका है। इस निविदा कार्य को पूर्ण करने के लिए वार्ड वासियों द्वारा कई बार मौखिक रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडेय को कहा गया परंतु बहाने बाजी बनाते हुए इस कार्य को आज तक प्रारंभ नहीं किया गया है।

नगर पालिका परिषद का चुनाव अब चंद महीने ही रह गए हैं लेकिन समस्याओं का निराकरण निर्वाचित जन प्रतिनिधि एवं नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इसे पूरा करने के लिए कोई पहल नहीं किया। यह खराब सड़क को लेकर वार्ड क्रमांक 16 एवं वार्ड क्रमांक 17 के वार्ड वासियों द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश बढने लगा है। वही लापरवाह अधिकारी के रवैया से वार्ड की जनता नगर पालिका का घेराव करने की बातें कहने लगी है। यहां यह बताना आवश्यक है कि वार्ड क्रमांक 16 के भाजपा पार्षद हितेश यादव एवं वार्ड क्रमांक 17 के कांग्रेस पार्षद विवेक सिसोदिया को एक सक्रिय पार्षद के रूप में कहा जाता है परंतु इन मौका परस्त पार्षदों के उदास उदासीनता के कारण दोनों वार्ड के बीच की सड़क बनने से वंचित हो गई है जिसके कारण लोगों को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।बरसात के दिनों में घरों का पानी सड़कों तक पहुंच जाता है किंतु व्यवस्थित नाली एवं सड़क का निर्माण कराना इन्होंने उचित नहीं समझा। अब फिर से चुनाव नजदीक आने के कारण उनके व्यवहार में जरूर बदलाव दिखाई दे रहा है परंतु चुनाव जीतने के बाद यह दोनों राजा बाबू बनकर राजनीतिक लाभ लेते रहते हैं नतीजा यह है कि वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 की जनता खराब सड़क के कारण दो वार्डो में पीस रही है।

# ग्राम पचेड़ा में धड़ल्ले से बिक रहा अवैध शराब

## पिसौद शराब दुकान विक्रेता के सह पर चल रहा यह कारोबार

**जांजगीर चांपा।** जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत पीचेड़ा में धड़ल्ले से अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है जहां निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचकर विक्रेता मालामाल हो रहे हैं, तो वही गांव में शराब बेचने से यहां का माहौल पूरी तरह से खराब होने लगा है नतीजा यह है कि कसौंदी रोड पर शाम होते ही शराबियों का एक बड़ा हिस्सा शराब सेवन करने के लिए एकत्र हो जाता है। जिसके कारण गांव का माहौल लगातार खराब होने लगा है।

विदित हो कि इस शराब विक्रय के पीछे आबकारी विभाग में पदस्थ कुछ विक्रेता लोगों द्वारा सह प्रदान किया जा रहा है जिनके संरक्षण में यहां कुछ दिनों से कुछ दबंग नुमा लोग शराब बेचकर गांव के शांत मिजाज को खराब करने का काम कर रहे हैं। जिसके कारण पचेड़ा कसौंदी रोड में लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।

यहां यह बताना आवश्यक है कि जिस व्यक्ति द्वारा यहां शराब बेचा जा रहा है उसे ग्राम पिसोद में संचालित शराब दुकान के विक्रेता द्वारा संरक्षण प्राप्त है जिन्हें चुपचाप तरीके से बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध कराया जाता है और उक्त लोक अवैध रूप से निर्धारित दर से अधिक दामों पर ग्राम पचेड़ा के अनुसूचित जाति मोहल्ले में एवं अन्य चौक चौराहों में शराब बेचते हैं । उक्त व्यक्ति को ग्राम धुरकोट के एक दबंग व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है जिसका भाई पिसोद के देसी शराब दुकान में विक्रेता का कार्य करता है जिस कारण से इनके ऊपर आबकारी विभाग के लोग भी हाथ डालने से डरते हैं। यह ग्राम पचेड़ा वासीयो के लिए एक विकराल समस्या के रूप में अनवरत पांव पसारने लगा है जहां जांजगीर एवं नवागढ़ आदि स्थानों से ग्राम गौद के लिए पचेडा जाने वाले रास्ते से गुजरने पर उन्हें शराबियों के दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ता है। रोजाना शाम को ग्राम पचेड़ा में शराबियों का डेरा सड़क किनारे होता है जो शराब पीए रहते हैं और आने जाने वाले लोगों से रुपए की वसूली करते हैं । लोगों द्वारा रुपए नहीं देने पर उनके साथ जहां गाली-गलौज किया जाता है तो वही कभी-कभी मारपीट की भी नौबत हो जाती है नतीजा यह है कि अब इस राह से लोगों का गुजरा मुश्किल होता जा रहा है।

सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि ग्राम पचेड़ा में शराबियों के दहशत के कारण महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है जो महिलाओं को देखकर जहां कटाक्ष करते रहते हैं तो वही उनके साथ अनेक अवांछित हरकतें करते हुए छेड़छाड़ भी किया जाता है परंतु लोकलाज के कारण महिलाएं उन्हें कुछ नहीं बोलती। जिसके फल स्वरुप इन शराबियों का एवं असामाजिक तत्वों का डेरा यहां विस्तार लेने लगा है और हौसले बुलंद है। इस बात की जानकारी पुलिस विभाग के लोगों को भी है क्योंकि इस गांव में कुछ युवा पुलिस विभाग में भी अपनी सेवाएं देते हैं परंतु वे भी आपसी बात विवाद को देखते हुए उन्हें बोलना उचित नहीं समझते जिसके कारण ग्राम पचेड़ा में दहशत का माहौल निर्मित होने लगा है। बताया जाता है कि उक्त अवैध शराब विक्रेताओं द्वारा जांजगीर आरक्षित केंद्र को प्रत्येक महीने एक निश्चित राशि प्रदान किया जाता है जिसके कारण ग्राम पचेड़ा में पुलिस विभाग के लोग ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने से परहेज करते रहते हैं परंतु पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग के द्वारा हस्तक्षेप नहीं किए जाने के कारण गांव में स्थिति बद से बदतर होने लगी है। जहां कभी भी किसी भी व्यक्ति का जान जा सकता है । पचेड़ा एवं कसौदी मार्ग से इन शराबियों के कारण शाम 4 बजे से लोगों का इस मर्ग पर आना-जाना बंद हो जाता है अगर कोई व्यक्ति मजबूरी वस इस राह से गुजरते हैं तो उन्हें शराबियों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा उनके साथ लूट का खसूट किया जाता है तथा राशि नहीं देने के कारण पर उनके साथ गाली गलौज और मारपीट की घटना आए दिन होती है। जिसे समय रखते रहते अगर नहीं रोका गया तो आने वाले समय में किसी भी व्यक्ति की जान विवादो के कारण जा सकती है। पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग के लोगों को निहित स्वार्थ को छोड़कर ध्यान देने की जरूरत है।



## विद्यार्थियों को सामाग्री भेंट कर पालकों ने याद किया शिक्षिका लक्ष्मी को

**अकलतरा।** नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ पूर्व शिक्षिका लक्ष्मी साहू की स्मृति में परिजनों ने शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में छठवीं सातवीं और आठवीं में छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने एवं शैक्षिक गतिविधियों में आगे बढ़ाने के 20 हजार रुपए नकद और स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को पाठ्य सामग्री बांटी।

कार्यक्रम में स्कूल के प्रधान पाठक रविंद्र सिंह बैस ने कहा कि शाला में पदस्थ पूर्व शिक्षिका स्व. लक्ष्मी साहू ने शिक्षा विभाग को स्कूल सहित अन्य स्कूलों में अपनी सेवाएं दी। शिक्षिका के परिजनों ने स्कूल में शैक्षिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए लगातार स्कूल में पाठ्य सामग्री का वितरण करने के साथ-साथ छात्राओं को उत्साहित किया जा रहा है। विनोद साहू ने कहा एसडीओ फॉरेस्ट से मैं रिटायर हुआ हूं। मेरी मां ने कठिन संघर्ष कर हमें शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ संस्कारित कर जीवन में योग्य बनाया। बिलासपुर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश साहू ने कहा कि शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला अकलतरा में मां शिक्षिका थीं। मां लक्ष्मी साहू बालिका शिक्षिका के लिए हमेशा चिंतित रहती थी। मां की स्मृति में स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ प्रतिवर्ष परिवार के लोगों द्वारा पाठ्य सामग्री का वितरण करने के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

## जनहित में होंगे कई काम

**अकलतरा।** विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने विधायक निधि से मंजूरी कुल 50 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का पूजन किया। कार्यक्रम में विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि साहू समाज ने परसाहीनाला और आदिवासी समाज द्वारा झिरिया में सामुदायिक समाज भवन निर्माण कार्य के लिए अवगत कराया गया था।



सामुदायिक भवन का निर्माण होने से सामाजिक कार्य होने के साथ-साथ बैठक में भी आसानी होगी। क्षेत्र के गांव में सामुदायिक भवन सीसी रोड और मंच का निर्माण कार्य होने से गांव के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में सुगत सिंह, हेमंत शर्मा, जितेंद्र सिंह, सुंदर पटेल, भागबली नायक, अंजोरी साहू, राजकुमार पटेल, दीनदयाल मिरी, राधेलाल माथुर, प्रकाश पटेल, प्रकाश उइके, आजुलाल सिंह, नरेंद्र सिंह, बिजेश्वर साहू, लक्ष्मी साहू, रामकुमार साहू, दिलेश्वर साहू, योगेश साहू, हरनारायण साहू, उमेन्द राम साहू, शांति लाल साहू, बद्री साहू, अविनाश साहू, संतोष साहू, दिलहरण साहू, दिगंबर साहू, राधेश्याम साहू, सरिता साहू, खिलेश्वरी साहू, गेह सिंह, बुधवार सिंह, केदार सिंह, परस मेरावी, मनीराम टेकाम, बिसारी धीवर, राजेश व अन्य उपस्थित रहे। ये निर्माण कार्य किए जाएंगे परसाहीनाला में साहू समाज का सामुदायिक भवन निर्माण और सीसी रोड निर्माण, झिरिया में सामुदायिक भवन निर्माण, खटोला में सामुदायिक भवन निर्माण, कटघरी में मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय सह शेड और पहुंच मार्ग निर्माण, पड़रिया में सामुदायिक भवन निर्माण, लटिया में सीसी रोड व पिपरदा में मंच निर्माण किया जाएगा।

## देवी दर्शन के लिए बाईक से जा रहे लोगों को पिकअप ने चपेट में लिया, घटना स्थल पर अंतिम सांस ली किशोरी ने





**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में सड़क हादसे में 16 साल की किशोरी की मौत हो गई। युवक एक बाइक में 3 नाबालिग लड़कियों के साथ मां-दुर्गा दर्शन के लिए पामगढ़ से जांजगीर जा रहे थे। कुटर गांव के पास बाइक की पिकअप वाहन से टक्कर हो गई, जिससे सभी सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक नाबालिग को कुचल दिया।

घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र की है। हादसे में नाबालिग का सिर बुरी तरह कुचल गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

**युवक की हालत गंभीर, बिलासपुर रेफर**

बाइक चला रहे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। वहीं अन्य दो घायल नाबालिग का इलाज जारी है।

पामगढ़ पुलिस ने पिकअप वाहन और ट्रैक्टर दोनों को जब्त किया है। चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कुटराबोड़ में सुबह की सैर करने निकले 6 लोगों को मालवाहक ने ठोंका सभी को गंभीर चोटे आयी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में तेज रफ्तार पिकअप ने मार्निंग वाक पर निकले 2 युवक और 4 बच्चों को टक्कर मार दी। हादसे में सभी को गंभीर चोटें आई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुटराबोड की है।

मिली जानकारी अनुसार सोमवार की तड़के सुबह करीबन 4 से 5 बजे के बीच रोजाना की तरह मार्निंग वाक पर बच्चे निकलने हुए थे। कुटराबोड मुख्य मार्ग पर पैदल चल रहे थे। इस दौरान पामगढ़ से जांजगीर की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने कुचल दिया।



**अस्पताल में घायलों से पूछताछ**

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। मॉर्निंग वॉक पर निकले अन्य लोगों ने देखा और किसी तरह से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं सूचना मिलते ही पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही अस्पताल में घायलों से पूछताछ की।

**ये लोग हादसे में हुए घायल**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घायलों में सुंदर (16), हिनेश (18), संजू (12), रविंद्र (18), प्रभात (12) और 10 वर्षीय प्रवीण शामिल है। हादसे के बाद फरार फिकअप वाहन की पुलिस तलाश कर रही है।

## रेत व गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर और तीन हाइवा जब्त



**सक्ती।** रेत व गिट्टी का अवैध परिवहन करने वाले 2 ट्रैक्टर और 3 हाइवा को जब्त किया गया है। सभी वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। खनिज विभाग के अधिकारी ने बताया कि खनिज का अवैध रूप से परिवहन करने वालों पर अकुंश लगाने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। नगरदा और चंद्रपुर से 2 ट्रैक्टर और 3 हाइवा पर कार्रवाई की गई है। अब वाहनों के मालिकों से जुर्माना वसूला जाएगा। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## सक्ती में 11 अक्टूबर की शाम 7 बजे से होगा माता का जगराता

**सक्ती।** नवमी के दिन 11 अक्टूबर की शाम 7 बजे से सक्ती के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में माता का जगराता होगा। श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भजन गायक मोनिका अग्रवाल कोरबा, आकाश शर्मा खरसिया, हीरा भैया कोरबा और विक्की सिंघल सक्ती सहित अन्य प्रस्तुति देंगे। समिति ने इस वर्ष लकी ड्रा कार्यक्रम का भी आयोजन माई के खजाने के रूप में किया है।



## किसान संघ छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष बने रमाकांत

**सक्ती।** किसान संघ छत्तीसगढ़ सक्ती जिले का जिला अधिवेशन सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। इसमें जिला समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से रमाकांत चंद्रा करीगांव भूतपूर्व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को सक्ती जिले का जिला अध्यक्ष बनाया गया। इस क्रम में मनहरण लाल कमलेश अधिवक्ता सोनादुला और रमेश कश्यप को उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश वर्मा मंत्री, रामेश्वर खूंटे और गजपति चंद्रा को सहमंत्री बनाया गया है। इस जिला अधिवेशन में सक्ती जिले के मालखरौदा ब्लॉक, जैजैपुर ब्लॉक डभरा ब्लॉक और सक्ती ब्लॉक के किसान सम्मिलित हुए। आज के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से देव प्रसाद तिवारी प्रांतीय प्रतिनिधि और मुकेश चौधरी प्रांतीय जैविक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। साथ ही क्षेत्र के किसान भी अधिक संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेश्वर खूंटे, भूपेंद्र कुमार चंद्रा, अश्विनी चंद्रा, बोधी रामचंद्र, पुष्पेंद्र सिंह राठौर, नरेश कुमार गबेल, डेखा राम मैत्री, गौरी शंकर राठौर व अन्य मौजूद रहे।

## लाखों का गबन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गौरेला से

**जांजगीर।** प्रार्थी नीरूपति बंजारा मैनेजर स्पंदन इसफुर्ती फाइनेंस लिमिटेड जांजगीर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था की, इसफुर्ती फाइनेंस बैंक में पूर्व में कार्यरत कर्मचारी के द्वारा बैंक के ग्राहकों के लोन की किस्त की राशि कुल 2,74,240/ रू को बैंक में जमा ना कर स्वयं गबन कर लिए हैं की रिपोर्ट पर माननीय न्यायालय के आदेश पर आरोपीयो के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना किया गया था।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है प्रकरण के आरोपी अनिल कुमार नागेश उर्फ अनिल नागेसिया निवासी झगराखाड़ थाना गौरेला जो घटना दिनांक से फरार था जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। जिसको अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजेंद्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को दिनांक 07.10.2024 को पकड़ा जिसको पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 07.10.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण में विवेचना जारी है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरी प्रवीण कुमार द्विवेदी, स्ढ़ राम प्रसाद बघेल, आर. विरेंद्र कुमार भैना व थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## नमामि गंगे अभियान की जिला उपाध्यक्ष रमा गोस्वामी नियुक्त

**जांजगीर।** राष्ट्रीय मिशन क्लीन गंगा के तहत कार्य करने वाली प्रतिष्ठित संस्था जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता सिंह की अनुशंसा पर नगर की रमा गोस्वामी को जांजगीर चांपा जिला का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। रमा गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय मिशन ग्रीन गंगा अंतर्गत देश भर में पर्यावरण जल और नदी के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा जिला उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति दी गई है। जिले में अभियान अंतर्गत पर्यावरण जल और नदी को संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा।





## नल जल योजना ठप, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

**पंतोरा।** गांव के कई घरों में अब नल नहीं लगाया गया है। इससे लोगों को पेयजल के लिए परेशानी हो रही है। सोमवार को परेशानी को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि लोगों को तालाब और हैंडपंप या दूर जगहों से पीने का पानी भरना पड़ रहा है। पीएचई के अधिकारी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिकायत लेकर जनदर्शन में राम नारायण, जुगल यादव, सत्यनारायण, धीरज कुमार, सहसराम, तेजराम, संपत, कुंभकार, जगदेव केवट, यंतलाल, सुनील, कन्हैया, शिव कुमार, अभिषेक कन्हैया, संतराम, अमर उपस्थित थे।

## मड़वा कॉलोनी में टूटा मकान का ताला, जेवर चोरी

**जांजगीर।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के मड़वा कॉलोनी में एक बार फिर चोरी की घटना हुई है। अज्ञात चोर ने मड़वा पावर प्लांट के एई के घर से सोने चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई है। मड़वा पावर प्लांट में पदस्थ एई हेमंत झाड़ी व उनकी पत्नी 3 अक्टूबर को घर में ताला लगाकर काम पर चले गए थे। सुबह 11 बजे के करीब खाना बनाने वाली उषा साहू उनके घर पर पहुंची। उसने देखा कि घर का ताला खुला हुआ है। कमरे के अंदर रखा हुआ सामान बिखरा हुआ था। उषा ने इसकी सूचना हेमंत झाड़ी को दी। वे मौके पर पहुंचे। तब उन्होंने देखा कि बेडरूम में रखी अलमारी खुली है। लॉकर भी खुला हुआ था। अंदर कपड़े नीचे इधर-उधर बिखरे पड़े थे। अलमारी में रखे सोने और चांदी के जेवर भी गायब थे।

## बच्चों से चावल ढुलवाने वाला हेडमास्टर सस्पेंड

**बिलासपुर ।** जिले में सरकारी स्कूल के छात्रों से साइकिल पर चावल बोरी ढुलवाने वाली हेडमास्टर पर कार्रवाई हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले राजनांदगांव, बलरामपुर, जांजगीर और बिलासपुर में ही छात्राओं को धमकाने पर एक्शन हो चुका है। इस घटनाओं के वीडियो वायरल होने पर हाईकोर्ट में भी सुनवाई हुई थी।जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने अफसरशाही पर नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद अब शिक्षा विभाग अलर्ट हो गया है।ऐसे में तत्काल कार्रवाई की जा रही है।


### कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/निर्माण/2024-25/2255 कोरबा, दिनांक 03.10.2024

//ई-निविदा आमंत्रण सूचना//

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूचि दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 04.11.2024 है।

| क्र. | कार्य का नाम | वि.खं. | मद | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शासकीय ई.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के 100 बिस्तरीय महिला छात्रावास का रेनोवेशन कार्य | कोरबा | D.M.F. | 31.40 | 23550/- |
| 2 | शासकीय ई.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के 50 बिस्तरीय महिला छात्रावास का रेनोवेशन कार्य | कोरबा | D.M.F. | 38.13 | 28598/- |
| 3. | शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा के 100 बिस्तरीय कन्या छात्रावास का रेनोवेशन कार्य | कोरबा | D.M.F. | 58.30 | 43725/- |
| | | | योग:- | 127.83 | |

नोट :- 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 03 माह।
2. प्रति कार्यों में ठेकेदार का श्रेणी ''डी'' क्लास या उससे उपर।
टीप :- निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

जी-242502974/3

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा

### न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र. 202409050400018/ अ-21/2023-24
ग्राम : दादरखुर्द, प.ह.नं. 21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदिका श्रीमती दिसी बंजारे उम्र-लगभग 38 वर्ष पति श्री निदेश कुमार बंजारे जाति-सतनामी निवासी-शिवमंदिर के पास, आजाद चौक मानिकपुर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-दादरखुर्द, प.ह.नं.-21, रानिमं.-दादरखुर्द, तहसील-कोरबा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 594/2 रकबा 0.024 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेतागण-01.श्रीमती शशीकला पति भूषण 02. श्री भूषण पिता स्व. केदालू निवासी-सी.एच.-125, सतनाम चौक मानिकपुर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के पास बिक्री करने की अनुमति चाहा है। जिसके लिए इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 25.10.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
कोरबा

### न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / अ-2/2021-2022
ग्राम : कथरीमाल, प.ह.नं.-01
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सविता देवी पति श्री रामलाल कुर्रे जाति सतनामी (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम कथरीमाल तह. बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कथरीमाल प.ह.नं.01 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 339/43 रकबा 0.202 हे. में से 0.040 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धाण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 21.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
जिला- कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/ /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2023 जांजगीर, दिनांक / /2024

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24
ग्राम-कुटरा

मृत्यु प्रमाण पत्र

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कुटरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखेश्वर प्रसाद पिता प्रेमराम साकिन ग्राम-कुटरा, तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ..... ग्राम कुटरा में अपनी मां सुभाष बाई के मृत्यु दिनांक 14.10.2018 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 8/10/2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के आवेदन पर मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 24.9.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर

## अनमोल वचन......

**अपने सर्वोत्तम गुणों का प्रदर्शन करें तो कोई भी आपकी नजरअंदाजनहीं करेगा।**

# जयशंकर चुप ही रहे

पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है। इसका आधार पूरे सियासी दायरे में क्यों नहीं है। फिर उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं। विदेश नीति के मोर्चे पर भारत को गहरे आत्म-निरीक्षण की जरूरत है, लेकिन वर्तमान सरकार से इसकी अपेक्षा निराधार है। इस सरकार की पहचान प्रतिकूल स्थितियों में अनुकूलता के तत्व गढने की रही है। यही संकेत फिर मिला, जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर वॉशिंगटन स्थित एशिया सोसायटी के संवाद में शामिल हुए। वैसे उनसे यह सुनना कर्णप्रिय लगा कि पड़ोसी देशों की अंदरूनी घटनाएं भारत की इच्छा के मुताबिक घटे, ऐसी अपेक्षा भारत नहीं रखता। संदर्भ लगभग दो महीने पहले बांग्लादेश में हुए सत्ता पलट और इसी हफ्ते श्रीलंका में आए चुनाव नतीजों का था। पांच अगस्त को शेख हसीना के देश छोडने पर मजबूर होने के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं ऊफान पर हैं। इधर समझा जाता है कि श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनूरा कुमार दिसानायके और उनकी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना परंपरागत रूप से भारत विरोधी रही हैं। मतलब यह कि दो महीनों के अंदर दो पड़ोसी देशों में भारतीय विदेश नीति के लिए नई चुनौतियां पैदा हुई हैं। आत्म-निरीक्षण का विषय यह होना चाहिए कि आखिर पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है। इसका आधार पूरे सियासी दायरे में व्यापकता लिए क्यों नहीं है। आत्म-निरीक्षण का दूसरा विषय है कि उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं। अभी हाल में गृह मंत्री अमित शाह झारखंड में चुनाव प्रचार में गए, तो वहां उन्होंने बांग्लादेशियों के बारे में कुछ ऐसा कहा, जिससे बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं फिर भड़क उठीं। शाह पहले भी बांग्लादेशियों के लिए दीमक जैसे शब्द बोल चुके हैं। इसी तरह तमिलनाडु में चुनाव के मौके पर प्रधानमंत्री ने कच्चतिवू द्वीप का मसला जोरशोर से उठाया था, जिसको लेकर श्रीलंका में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। विडंबना यह है कि चुनाव के बाद कच्चतिवू के सवाल को भुला दिया गया। सत्ता के शिखर पर बैठे नेता जब चुनावी गणना के मुताबिक दूसरे देशों से संबंधित मुद्दे गरमाते हैं, तो क्या उन्हें इसके उन देशों में संभावित असर का ख्याल नहीं रहता। ऐसे बिंदुओं पर जयशंकर चुप ही रहे।

## राशिफल

**मेष राशिः**आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं। जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

**वृष राशिः**आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। ऑफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। बच्चों से कोई अच्छी खबर मिलेगी।

**मिथुन राशिः**आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जाएंगे। आज आप कुछ नये विचारों पर भी काम करेंगे।

**कर्क राशिः**आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे, उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। अपनी रूटीन में सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे।

**सिंह राशिः**आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से आपको बचना चाहिए।

**कन्या राशिः**आज आपका दिन शानदार रहेगा। मेडिकल स्टोर वालो को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा। आस पास के लोग आपके लिए मददगार साबित होंगे। किस्मत के सहयोग से जो भी होगा, आपके फेवर में होगा।

**तुला राशिः**आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से कोई नई सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा। लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी।

**वृश्चिक राशिः**आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। व्यापार को बढाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियो का हल मिलेगा। मिल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। घर के बड़ो से कोई नई बात आप सीखेंगे।

**धनु राशिः**आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ पुरानी बातें याद करतें हुए समय बितायेंगे। बॉस आपके किसी काम को लेकर आपकी तारीफ करेंगे। आज आपके अंदर सकरात्मक ऊर्जा बढ़ेगी।

**मकर राशिः**आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा, लोग आपकी तारीफ़ करेंगे। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं, वो अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में दोस्तों से मदद मिलेगी। आखों का खास ख्याल रखें।

**कुंभ राशिः**आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कार्यो से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे, बड़ो की राय बेहतर साबित होगी। सामाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज आपके परिवार में सौहार्द बना रहेगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगें। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

**मीन राशिः**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपके जरूरी कार्य पूरे हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं वो मार्केट एनालिसिस कर लें, आपको बिजनेस में लाभ मिलेगा।

# स्वच्छ भारत मिशन- शहरी कचरा प्रबंधन का ब्लू-प्रिंट

//तोखन साहू//

**हमारा देश अब स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह एक परिवर्तनकारी दशकीय यात्रा रही है, जिसके बारे में विचार करने पर प्रभाव बेहद गहरे नजर आते हैं। एक ऐसा मिशन जिसने भारत में स्वच्छता और सफाई के नए पैमाने स्थापित कर एक नई परिभाषा गढ़ी है। 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया यह मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था हर एक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और 'विकसित भारत' में योगदान देने का आह्वान। आज, एसबीएम ने अपना फोकस केवल शौचालयों के निर्माण और उन तक नागरिकों की पहुंच को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियां अपनाने के बारे में स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन को भी शामिल किया है।**

यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, सभी व्यक्तियों को अपने समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत खुले में शौच से मुक्त हुआ और हमारे समुदायों में जनभागीदारी की अनोखी अलख जगी।

शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2014-2024 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहारी बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है और स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश स्थापित किए हैं। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शहरों में विशिष्ट स्वच्छता संबंधी रणनीतियां तैयार की हैं। साथ ही, नगरपालिका कर्मचारियों और सफ़ाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने निरंतर प्रगति को ट्रैक करने और उसके आवश्यक समायोजन के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ स्तर को बेहतर बनाया है, और स्वच्छ सर्वेक्षण का एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करके, मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पर जोर देने के साथ-साथ संसाधन जुटाने और तकनीकी क्षेत्र में इनोवेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है, जिससे स्वच्छता संबंधी समाधान अधिक सुलभ और स्थायी बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल हमारे स्वच्छता नायकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करती हैं और उनको मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं, जो सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में भी मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती हैं।

यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समाज के बेहद पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए भी समावेशी एवं न्यायसंगत हों और एसबीएम ने यह काम सफलतापूर्वक किया है। इसी तरह के उदाहरणों में से एक है, जिसे मैंने भी करीब से देखा है और यह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में हुआ है। एक विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के साथ लगभग 200,000 निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल पर जाने वाले कचरे को प्रभावी रूप से घटाने का काम किया है और स्रोत पर ही इसके लिए विशेष प्रबंध किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस सफलता का एक प्रमुख हिस्सा 470 सफाईकर्मियों का एक समर्पित समूह है, जो शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक प्रशिक्षित सजग महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों से अंबिकापुर नगर पालिका को न केवल राजस्व अर्जित करने में सफलता मिली है, बल्कि उस राजस्व को पुनः सामुदायिक सेवाओं में निवेश करने में भी मदद मिली है, जिससे समावेशी रणनीतियों के सामाजिक-आर्थिक लाभ भी दिखाई दिए हैं। अंबिकापुर में महिलाएं कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को संचालित करती हैं - संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक - वे कचरे को दायित्व के बजाय संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और मैटेरियल रिकवरी को प्रोत्साहित करती है, जिससे कचरा चक्र में आने वाले लूप प्रभावी रूप से बंद हो जाते हैं। समुदाय को जिम्मेदार कचरा निपटारे के बारे में शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं, आर्थिक अवसरों को खोलते हैं और स्थायी अभ्यासों को आगे बढ़ाते हैं। इस तरह निचले स्तर से विचार और काम शुरू करते हुए आज राज्यों को कचरा प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया गया है।

अंबिकापुर की 'महिलाओं के नेतृत्व में स्वच्छता' संबंधी पहल प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने की चाह रखने वाले टियर-II और टियर-III श्रेणी के शहरों के लिए एक आशाजनक ब्लू-प्रिंट है। जबकि प्रत्येक समुदाय को अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, अंबिकापुर मॉडल सामुदायिक भागीदारी द्वारा संचालित स्थानीय समाधानों की शक्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे शहरी आबादी बढ़ रही है और अपशिष्ट प्रबंधन तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है, दुनिया भर के शहर प्रेरणा के लिए अंबिकापुर की ओर देख सकते हैं। उचित समर्थन और प्रतिबद्धता के साथ, हम अपशिष्ट प्रबंधन को विकास और सशक्तीकरण के लिए एक संसाधन के स्वरूप में ढाल सकते हैं, जिससे विभिन्न समुदायों और हमारे पर्यावरण दोनों को लाभ होगा।

हमारे पास भारत भर में सशक्त महिलाओं के कई उदाहरण हैं, जो स्वच्छता और सफाई संबंधी मिशन के लक्ष्यों को बेहतर तरीके से हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। आज महिलाएं, कचरा प्रबंधन से लेकर सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी पहल करने में सबसे आगे हैं, ये प्रयास उन्हें आवश्यक परिवर्तनकारी कारक के रूप में प्रमाणित करते हैं। अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान दिया है, बल्कि सफाई और स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदला है। एसबीएम के अहम प्रभावों में से एक महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन भी रहा है, विशेष रूप से सफाई से जुड़ी भूमिकाओं में उन्होंने बड़ा योगदान दिया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं को कचरा संग्रह, पृथक्करण और प्रसंस्करण में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए हैं। सफ़ाईकर्मी के रूप में, महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर रही हैं और अपने समुदायों में अपनी स्थिति को बेहतर बना रही हैं। यह आर्थिक सशक्तीकरण उनके आत्म-सम्मान और मान्यता को प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो ट्रेडिशनल जेंडर नॉर्म्स को चुनौती देता है। महिलाएं सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे परिवारों को स्वच्छता के प्रयासों, कचरे को अलग-अलग करने और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं। उनकी भागीदारी स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देती है, जो एसबीएम की पहलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

निष्कर्ष के तौर पर, SBM में महिलाओं को शामिल करने से न केवल स्वच्छता पहलों की प्रभावशीलता बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, मिशन लगातार विकसित हो रहा है। अब ध्यान स्वच्छता से जुड़े प्रयासों में स्थिरता सुनिश्चित करने, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ने पर है। टेक्नोलॉजी और डेटा-ड्रिवन अप्रोच का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को सुधारना और लोगों तक अपनी पहुंच का विस्तार करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देश के हर कोने में स्वच्छता के लाभों को लोग अनुभव कर सकें। इसके अलावा, हमें भविष्य की पीढ़ियों के संस्कारों में स्वच्छता और सफाई के मूल्यों को पिरोते रहना जारी रखना चाहिए। स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक कार्यक्रम, पिछले एक दशक में हमारे द्वारा मिशन को दी गई गति को कायम रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम स्वच्छता की भावना को अपनाते हुए और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए हाथ से हाथ मिलाकर चलें। एक बार फिर से स्वच्छता को स्वभाव और संस्कार से जोड़ना है। स्वच्छता की यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक श्रमदान के साथ, एक स्वच्छ, स्वस्थ भारत तक हमारी पहुंच सुनिश्चित हो चुकी है।

# क्रिएट इन इंडिया' के मायने

//अनुराग सक्सेना//

**पश्चिमी देशों ने नवाचार, बौद्धिक संपदा (आईपी) और तकनीकी प्रगति पर सदियों से अपना फोकस निरंतर बनाए रखने का लाभ उठाया है। अक्सर विनिर्माण और सेवा की तुलना में सृजन को महिमामंडित करके, इन देशों ने न केवल अपने आविष्कारों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है, बल्कि अपनी अवधारणाओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात भी किया है। इन उपायों से वे आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे- रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं।**

इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है। यह दोनों ही क्षेत्र मूल्य-संवर्धन के परिदृश्य में निचले स्थान पर हैं। यह दृष्टिकोण, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी होने के बावजूद, नवाचार या आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं देता है। वास्तव में बौद्धिक संपदा आर्थिक लाभ उठाने योग्य है। यही कारण है कि ये देश उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माता बनने के बजाय उपभोक्ता बन गए हैं।

हालांकि, चीन ने हाल के वर्षों में इस मॉडल को तोड़ दिया है। इसने नवाचार, बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्लेटफार्मों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। देश ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है। हुआवेई, टिकटोक और टेंसेंट जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां इसके उदाहरण हैं। इन प्रयासों ने चीन की घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। इतना ही नहीं, इसे एक मजबूत वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित किया है, और इसे दुनिया भर के अमूल्य डेटा तक पहुंच प्रदान की है।

दूसरी ओर, भारत ने एक अलग तीव्र प्रगति का अनुसरण किया। उत्पादीकरण और प्रौद्योगिकी निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भारत संपर्क केंद्रों, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और आईटी सेवाओं का पर्याय बन गया। इस स्थिति ने भारत को दुनिया का बैकरूम का नाम दिया। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसने आर्थिक रूप से लाभकारी होने के बावजूद, नवाचार और उच्च-मूल्य प्रौद्योगिकी निर्माण के मामले में देश को पिछड़ा बना दिया। जबकि भारत ने सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की, इसने अक्सर अन्य देशों के नवाचार और उत्पाद विकास से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करने के बजाय उनका समर्थन किया।

हालांकि, पिछले दशक में भारत के वैश्विक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत एक भू-राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई है। कूटनीतिक रूप से, भारत ने वैश्विक मंच पर एक अधिक मुखर स्थिति अपनाई है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कायम की है। भू-राजनीतिक क्षेत्र में, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है और क्वाड जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ताकि भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। व्यापार के मोर्चे पर, भारत ने व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत की है और इसे खासकर कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में देखा जा रहा है। यह नई मुखरता इस बात को निहित करती है कि भारत का क्रिएट इन इंडिया पर वर्तमान ध्यान समयोचित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्यों है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करके, भारत आर्थिक रूप से और सॉफ्ट पावर के मामले में, अगली सदी पर प्रभुत्व कायम करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। आर्थिक रूप से, सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से भारत मूल्य श्रृंखला में ऊपर उठ सकेगा, अपनी बौद्धिक संपदा पर अधिक लाभ अर्जित कर सकेगा और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। सॉफ्ट पावर के मामले में, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने से भारत को विकृत पश्चिमी कथानकों पर लगातार प्रतिक्रिया करने के बजाय अपने खुद के कथानकों को आकार देने की सुविधा मिलेगी।

जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया, आइए हम सब मिलकर क्रिएट इन इंडिया' यानी 'भारत में सृजन करें आंदोलन शुरू करें। ऐसे में हर कोई इसके दूसरे और तीसरे क्रम के प्रभावों, खासकर कथानक-सुधार और हमारे सभ्यतागत विचारों को वैश्विक स्तर पर निर्यात करने पर पड़ने वाले प्रभाव को नहीं समझ पाया। ईस्टमैन कलर और विनाइल रिकॉर्ड की प्रौद्योगिकियों ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद की। एक्सआर और गेमिंग का युग भारत को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के तत्वावधान में क्रिएट इन इंडिया चैलेंज की घोषणा की। यह एक अनूठा आयोजन है, जो दुनिया के सामने हमारे एवीजीसी सेक्टर के भविष्य को दर्शाता है। यह ब्रॉड स्पेक्ट्रम चैलेंज 25 प्रकार के कंटेंट और गेम में हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। भारत को ऐसे और भी दृश्यमान समारोहों की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि दुनिया हमारी रचनात्मकता और हमारी महत्वाकांक्षा को देखे।हालांकि, इस क्षमता के द्वार को पूरी तरह से खोलने के लिए, भारत को भी भारी निवेश करना होगा।

एवीजीसी सेक्टर डिजिटल इंटरैक्शन और मनोरंजन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। भविष्य के इस द्वार को खोलने के लिए कौशल-विकास, निवेश पाइपलाइन, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जो मायने रखते हैं। इसके लिए एक प्रगतिशील नियामक प्रणाली के साथ-साथ और भी कई आवश्यकताएं हैं। यह वास्तव में एक कठिन काम है। लेकिन यहां गंगोत्री स्थापित करके, भारत आने वाले वर्षों के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था और कथानक में अपना नेतृत्व सुनिश्चित कर सकता है। 9अनुराग सक्सेना, नीतिगत मामलों के विशेषज्ञ और ऑपएड स्तंभकार हैं।9

# वीरांगना रानी दुर्गावती सुशासित व समृद्ध साम्राज्य की प्रेरणास्रोत



वीरांगना रानी दुर्गावती महिला शासकों के भारतीय स्वर्णिम इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर है। रानी दुर्गावती ने 16वीं शताब्दी में गोंडवाना राज्य की शासक के रूप में अपने साहस और नेतृत्व के लिए ख्याति प्राप्त की। उनकी जन-कल्याणकारी व्यवस्था को सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। रानी ने एक संतुलित, न्यायपूर्ण और विकासात्मक प्रणाली के रूप में शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए गोंडवाना को एक मजबूत और समृद्ध साम्राज्य बनाया। वीरांगना रानी दुर्गावती के शासन में गोंड संस्कृति ने देश की सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध किया है। उन्होंने अपनी पारंपरिक प्रथाओं से पर्यावरण के संवर्धन और संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है। आज़ादी के प्रति असीम प्रेम और किसी की अधीनता स्वीकार न करने की जिद और जुनून गोंड समाज की पहचान रही है। रानी दुर्गावती गोंड समुदाय के पराक्रम, भारतीय वीरता और शूरता की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं।मुगल साम्राज्य की अधीनता स्वीकार न करने वाली रियासतों के लिए मुगल काल में सुरक्षित रहना बहुत कठिन माना जाता था, क्योंकि विशाल मुगल सेना के सामने युद्ध भूमि में सामना करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसे समय में गोंडवाना साम्राज्य की संरक्षिका के रूप रानी दुर्गावती के कार्य एवं अपूर्व वीरता के साथ राज्य के विकास में किया गया अभूतपूर्व योगदान सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। रानी दुर्गावती के कार्यों और वीरता का गुण-गान आज भी जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न बोलियों और कई भाषाओं में किया जाता है, जो भावी पीढ़ियों के लिये प्रेरणास्पद है।

रानी दुर्गावती का संघर्ष मुगलों के खिलाफ था और वे जनजातीय संस्कृति और विरासत की सुरक्षा के प्रति कृत-संकल्पित थीं। उन्होंने मुगलों के खिलाफ एक सशक्त प्रतिरोध का आधार तैयार किया, जिसने देश के दूसरे क्षेत्रों में रहने वाले राजा-महाराजा और अधीनता स्वीकार न करने वाले अनेक समूहों को मुगल सत्ता के खिलाफ लगातार लड़ने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान जबलपुर उनके साम्राज्य का केंद्र था। रानी ने करीब 16 वर्ष तक शासन किया। उन्होंने अपने कार्य-काल में अनेक मंदिर, मठ, कुएं, बावड़ियां तथा धर्मशालाएं बनवाईं। लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए रानी की कीर्ति दूर-दूर तक फ़ैल गई।

रानी दुर्गावती के गढ़ मंडला पर मुगल सूबेदार बाजबहादुर की बुरी नजर थी, लेकिन युद्ध में रानी दुर्गावती ने उसकी पूरी सेना का सफाया कर दिया और फिर वह कभी पलटकर नहीं आया। मुगल सेना के कई हमलों को नाकाम करने वाली रानी दुर्गावती का खौफ दिल्ली की मुगल सत्ता को भी प्रभावित करने लगा। रानी दुर्गावती को अपनी रणनीतिक योग्यता, पारम्परिक सैन्य संसाधन और सैन्य शक्ति पर इतना विश्वास था कि वे विशाल मुगल सेना से कभी विचलित नहीं हुईं। रणक्षेत्र में रानी ने मुगलों की अपेक्षा में बेहद छोटी सेना होने के बाद भी असीम वीरता का परिचय दिया। इस कारण मुगल सेना युद्ध मैदान से भाग खड़ी हुई। रानी दुर्गावती ने मुगलों के खिलाफ अपनी भूमि की रक्षा के लिए जिस अद्वितीय साहस का परिचय दिया, वह भारत की मातृशक्ति के पराक्रम, शौर्य और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

रानी दुर्गावती को भारतीय इतिहास की सर्वाधिक प्रसिद्ध महारानियों और बेहतर प्रशासकों में शुमार किया जाता है। उन्होंने जिस कुशलता से राज संभाला, उसकी प्रशस्ति इतिहासकारों ने भी की है। आईन-ए-अकबरी में अबुल फ़ज़ल ने लिखा है कि दुर्गावती के शासनकाल में गोंडवाना इतना सुव्यवस्थित और समृद्ध था कि प्रजा लगान की अदायगी-स्वर्ण मुद्राओं और हाथियों से करती थी।रानी दुर्गावती ने गोंडवाना की स्थिरता, विकास तथा कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रभावी न्याय प्रणाली की स्थापना की। उन्होंने स्व-शासन को बढ़ावा देते हुए गांवों को मजबूत किया, जिससे किसान खुशहाल हुए। रानी दुर्गावती ने कृषि, व्यापार और हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया। उन्होंने कृषि सुधारों और सिंचाई योजनाओं को लागू किया, जिससे खाद्य उत्पादन बढ़ा। रानी दुर्गावती ने शिक्षा और संस्कृति के विकास पर अधिक जोर दिया। उन्होंने साहित्य, कला और संगीत को प्रोत्साहित किया, जिससे गोंडवाना की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिला।रानी दुर्गावती की नेतृत्व क्षमता, साहस और बलिदान, राजनैतिक समझ, सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करने के कार्य, सांस्कृतिक समृद्धि और राज्य में स्थिरता बनाये रखने की कोशिशें अतुलनीय थी। जन-कल्याण के प्रति इसी प्रतिबद्धता और मातृभूमि की सुरक्षा के संकल्प ने रानी दुर्गावती को एक महान नेतृत्वकर्ता और शासक के रूप में इतिहास में अमर बना दिया। उनका जीवन और न्यायपूर्ण शासन आज भी प्रेरणा का ऊर्जा स्रोत है।

# राजनैतिक दलों के बिगड़े बयान, क्यों- कैसे रुके?

इधर कुछ दिनों से भारत के राजनैतिक दल एक दूसरे के हर काम की समीक्षा करते हुए दूसरे दलों की आलोचना करते हैं । यह ऐसा ही है मानों हम अपने पड़ौसी के घर बने खाने की ताक-झांक करते हैं और कहें कि इन्होंने भिण्डी की सब्जी क्यों बनाई? या इन्होंने दाल मसूर की क्यों बनाई? अब यह आपके पड़ौसी के घर का मामला है, आपको इससे क्या लेना ! अब आतिशी के दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने पर कांग्रेस और अन्य दल अनेक प्रकार की बयानबाजी कर रही है । अभी लोकसभा चुनाव में आप पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था । कन्हैया कुमार तो सुनीता केजरीवाल से भी मिला था । विगत सम्बन्धों को देखते हुए कुछ तो संयम और मर्यादा बरतनी चाहिए । भाजपा के प्रवक्ता तो अब जरा जरा सी बात पर सभी गैर भाजपा पार्टी पर बिफर पड़ते हैं । अरे, अगर भाजपा को दिल्ली जीतनी है तो जनता के पास जायें । पिछले दो चुनाव में कांग्रेस को तो दिल्ली विधानसभा में एक भी सीट नहीं मिली और भाजपा को एक बार मात्र तीन और दूसरी बार छ- या सात सीटें मिलीं । असल निर्णायक जनता होती है । शायद भाजपा के प्रवक्ता समझते हैं कि सभी विपक्षी पार्टियों की आलोचना करने पर मोदी जी खुश हो जाएंगे । आजकल संबित पात्रा नहीं दिखलाई पड़ते । 2019 के लोकसभा चुनाव में वे पुरी(उड़ीसा) से हार गये थे । इस बार जीत गये परन्तु इसका बड़ा कारण यह था कि कांग्रेस की महिला प्रत्याशी ने चुनाव के लिए प्रचार किया ही नहीं । उन्होंने अपना नाम भी वापस नहीं लिया और चुनाव लड़ा भी नहीं । शायद संबित पात्रा उड़ीसा के मुख्यमंत्री बनना चाहते हों या केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह । अब भाजपा के प्रवक्ता कह रहे हैं कि आतिशी के माता-पिता अफजल गुरु का साथ दे रहे थे । अब अफजल गुरु की फांसी को मेहबूबा मुफ्ती भी ग़लत बतलाती हैं जिसके साथ भाजपा ने मिलकर कश्मीर में सरकार बनाई थी । इधर राहुल गांधी के बारे में भाजपा प्रवक्ता, महाराष्ट्र के मंत्री आदि ऐसी-ऐसी बातें कह रहे हैं जो कानून का खुला उल्लंघन है । परन्तु इस पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कुछ नहीं बोल रहा है । स्वयं स्वयं प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि कांग्रेस को भी उनके गणेश पूजन पर भी आपत्ति है । असल में मुद्दा यह है कि प्रधानमंत्री गणेश उत्सव पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के घर गये थे । वहां शायद पूजन चल रहा होगा तो उन्होंने उस पर भाग ले लिया । इस पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है । असल प्रश्न है प्रशासन और जुडीशियरी का अलग-अलग रहना । कोई यह नहीं कह रहा है कि प्रधानमंत्री कहीं जा नहीं सकते । वे देश के सर्वोच्च नेता हैं । उन पर कोई पाबंदी नहीं लगा सकता ।

# इजरायल के हमले से पहले क्या ईरान ने किया भूमिगत परमाणु परीक्षण, रहस्यमयी भूकंप से अटकलें तेज





**नईदिल्ली, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

ईरान में रहस्यमयी भूकंप से दुनिया हैरान है। अब कयास ये लगाया जा रहा है कि सच में यह भूकंप था या ईरान ने पहली बार परमाणु बम का परीक्षण किया है। हालांकि अभी तक इस मामले में ईरान ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। 5 अक्टूबर की रात को ईरान के सेमनान प्रांत में 4.5 तीव्रता का भूकंप रिकॉर्ड किया गया। अब सोशल मीडिया पर कयासबाजी का दौर जारी है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि ईरान ने इजरायली हमले के जवाब में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया है। हालांकि ईरान में भी इस विषय पर चर्चाओं का दौर जारी है।

तेहरान विश्वविद्यालय के भू-भौतिकी संस्थान ने बताया कि भूकंप 12 किलोमीटर की गहराई पर आया है। कई सोशल मीडिया पोस्ट पर भूकंप का ग्राफ भी साझा किया गया है। इसमें यह बताने की कोशिश की गई है कि ईरानी भूकंप का ग्राफ परमाणु परीक्षण के ग्राफ से मेल खाता है। हालांकि अभी तक ईरान ने न आधिकारिक पुष्टि की और न ही खंडन किया है। अमेरिकी थिंक टैंक हेरिटेज फाउंडेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि ईरान अपेक्षा से अधिक तेजी से परमाणु बम बनाने में सक्षम है। इसी साल मई महीने में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सलाहकार कमाल खर्राजी ने कहा था कि ईरान को अपने परमाणु सिद्धांत को बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने परमाणु बम बनाने का कोई फैसला नहीं किया है। मगर ईरान के अस्तित्व को खतरा होने पर हमें अपने सैन्य सिद्धांत को बदलना पड़ेगा।÷परमाणु परीक्षण से जुड़ी अटकलों को बल अमेरिका के बयान से भी मिल रहा है। जुलाई में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि परमाणु बम की खातिर विखंडनीय सामग्री का उत्पादन करने की क्षमता हासिल करने में ईरान को अब एक या दो सप्ताह का समय लग सकता है।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान 60 फीसदी तक यूरेनियम को संवर्धित कर चुका है और इसके भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि भी देखी गई है। परमाणु बम के लिए 90 फीसदी संवर्धित यूरेनियम की जरूरत होती है।

एजेंसी का मानना है कि ईरान परमाणु बम बनाने के बेहद करीब है। इजरायल ने 27 सितंबर को लेबनान की राजधानी बेरूत के दहिया में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह और आईआरजीसी कमांडर अब्बास निलफोरुशान को एयर स्ट्राइक में मारा था। इसके बाद ईरान ने एक अक्टूबर को इजरायल पर 180 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अब इजरायल ने ईरान पर बदले की कार्रवाई की बात कही है। माना जा रहा है कि इजरायल किसी भी वक्त ईरान पर हमला कर सकता है। हालांकि ईरान ने भी स्पष्ट किया कि अगर इजरायल ने हमला बोला तो वह पलटवार जरूर करेगा।

## कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों पर नजर रख रहा भारत, पेट्रोलियम मंत्री ने जताया यह भरोसा



**नईदिल्ली, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत नजर रख रहा है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने यहां एक्सानमोबिल ग्लोबल आउटलुक 2024 में कहा, हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। यदि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है तो ऊर्जा की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। हालांकि मुझे विश्वास है कि हम पहले की तरह ही किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम होंगे।ईरानी मिसाइल हमले के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इजरायल ईरान में तेल या परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकता है। जवाब में तेहरान या तो इजरायल पर सीधा हमला करेगा या होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके तेल आपूर्ति को बाधित कर सकता है। इससे तेल की कीमतें बढ़ सकती है।ओमान और ईरान के बीच स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। वैश्विक तेल का पांचवां हिस्सा इस जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। सभी प्रमुख तेल उत्पादक देश (सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई) इसके माध्यम से तेल का निर्यात करते हैं। केवल सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पास ऐसी पाइपलाइनें हैं जो होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर सकती हैं। एक सप्ताह में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें 70 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 78 डालर प्रति बैरल हो गई हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि देश बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है।

# 27 घंटे में मुठभेड़ और आरोपी के पैर में लगी गोली किशोरी को बंधक बनाकर किया था मुंह काला



**लालगंज- प्रतापगढ़, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

खेत में बकरी चराने गई किशोरी के साथ हैवानियत करने वाले को पुलिस ने सबक सिखा दिया। घटना के करीब 27 घंटे के अंदर ही पुलिस से सोमवार शाम लगभग छह बजे मुठभेड़ होने पर आरोपित अनिल भूंज के पैर में गोली लगी और वह पकड़ लिया गया।

लीलापुर के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी रविवार दोपहर घर से निकली थी। वह काफी देर नहीं लौटी तो दोपहर करीब तीन बजे किशोरी का भतीजा खेत की तरफ गया। बाजरे के खेत में किशोरी को लहूलुहान देख चीख पड़ा। जानकारी होने पर परिजन व ग्रामीण पहुंचे। पिता के अनुसार, उसकी बेटी अर्ध बेहोशी की दशा में पड़ी थी। उसके दोनों हाथ पीछे की तरफ बंधे थे। गंभीर हालत में स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में किशोरी का इलाज चल रहा है। इधर, घटना को लेकर एसपी डॉ. अनिल कुमार रात में ही मौके पर पहुंचे। गांव में घूमे, घटना वाले खेत में गए। इसके पहले एएसपी पश्चिमी संजय राय व एसओ नरेंद्र सिंह पहुंचे थे। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर अनिल भूंज पुत्र कैलाश देवली बहेलियन का पुरवा के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, मारपीट, एससी एसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस की शाम को कमौरा स्थित जंगल के पास उससे मुठभेड़ हो गई। आत्मरक्षा करते हुए पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी अनिल के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले जाया गया। वहां एसपी ने आरोपित से पूछताछ की। इसके बाद उसे एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर किया गया। लीलापुर एसओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा गया है। उसका इलाज चल रहा है। लड़की ही हालत में सुधार आ रहा है।

## शोक में डूबे इजरायल पर तीन तरफा हमला, हमास-हिजबुल्लाह के बाद हूती ने भी बरसाए रॉकेट, एक साल पुराने घाव को किया ताजा



**यरूशलम, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हमास के हमले की बरसी पर सोमवार को शोक में डूबा इजरायल जब बिछुड़े प्रियजनों को याद कर रहा था तभी हमास, हिजबुल्ला और हाउती ने तेल अवीव, हायफा और टिबेरियास पर राकेट-मिसाइल हमले कर घावों को ताजा करने की कोशिश की। हमास के हमले से तेल अवीव क्षेत्र में दो महिलाएं घायल हुई हैं जबकि हिजबुल्ला ने हायफा स्थित सैन्य अड्डे पर मिसाइल हमला किया। हिजबुल्ला के इस हमले में दस लोग घायल हुए हैं। हिजबुल्ला ने एक और हमला टिबेरियास पर किया, इस हमले में भी कुछ लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि लेबनान से हिजबुल्ला ने हायफा पर पांच राकेट भी दागे थे।

इनमें से चार को इंटरसेप्ट कर लिया गया लेकिन एक राकेट लक्ष्य से टकरा गया जिससे नुकसान हुआ है। हिजबुल्ला ने टिबेरियास पर 15 राकेट दागे, इनमें से 10 को आकाश में नष्ट कर दिया गया लेकिन पांच लक्ष्यों से टकराए। इनसे कुछ भवनों को नुकसान हुआ है और कुछ लोग घायल हुए हैं। सोमवार को हिजबुल्ला ने इजरायल पर कुल 135 राकेट और मिसाइल दागे हैं। गाजा के फलस्तीनी सशस्त्र संगठन इस्लामिक जिहाद ने भी डेरोट, नीरएम और कुछ अन्य इजरायली शहरों पर राकेट हमले का दावा किया है।सोमवार को यमन के हाउती विद्रोहियों ने भी इजरायल के मध्य भाग में मिसाइल से हमला किया। इस मिसाइल हमले से पहले इजरायली शहरों में खतरे के सायरन बजने शुरू हो गए। इस मिसाइल को इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम ने आकाश में नष्ट कर दिया।

## दहल उठा इजरायल, हिजबुल्लाह ने एक के बाद एक दागी 135 मिसाइल, चुप नहीं बैठेंगे नेतन्याहू!

**जेरूसलम/बेरूत।** हसन नसरल्लाह की मौत के बाद बढ़े तनाव के बीच हिजबुल्लाह ने सोमवार को इजरायल पर बड़ा हमला बोला। यह हिजबुल्लाह द्वारा किया गया अब तक का दूसरा सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हिजबुल्लाह ने इजरायल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा पर रॉकेट दागे।यह हमला उस वक्त हुआ, जब इजरायली सेना गाजा युद्ध की पहली वर्षगांठ पर दक्षिण लेबनान में जमीनी हमलों का विस्तार करने के लिए तैयार थी। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने फादी 1 मिसाइलों के साथ हाइफा के दक्षिण में एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया और 65 किमी (40 मील) दूर तिबेरियस पर एक और हमला किया।हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने दिन में बाद में मिसाइलों के साथ हाइफा के उत्तर के क्षेत्रों को निशाना बनाया। इजरायल की सेना ने कहा कि सोमवार को शाम 5 बजे (1400 GMT) तक लगभग 135 प्रोजेक्टाइल इजरायली क्षेत्र में प्रवेश कर चुके थे। हाइफा क्षेत्र में दस लोगों के घायल होने की सूचना मिली और मध्य इजरायल में दक्षिण में दो अन्य घायल हो गए। इजराइल की सेना ने कहा कि वायु सेना दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर व्यापक बमबारी कर रही है और सीमा-क्षेत्र में लड़ाई में दो इजराइली सैनिक मारे गए, जिससे लेबनान के अंदर अब तक मरने वाले सैन्य कर्मियों की संख्या 11 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सीमा-क्षेत्र के शहर बिंट जेबिल में एक नगरपालिका भवन पर इजराइली हवाई हमले में 10 अग्निशामक मारे गए और रविवार को अन्य हवाई हमलों में दक्षिणी और पूर्वी लेबनानी शहरों में 22 लोग मारे गए।

# गुजरात से पटना ले जाई जा रही 4.08 करोड़ के सोने की ज्वेलरी पकड़ी, उधर से लाना था तीन करोड़ के सोने की सिल्ली

**वाराणसी, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

कैंट रेलवे स्टेशन स्थित प्लेटफार्म नंबर आठ पर सोमवार तड़के गुजरात के राजकोट अंतर्गत संदेश प्रेस के निकट कृष्णा चौक निवासी पटाडिया राजेश घनश्यामभाई को पकड़कर जीआरपी ने उसके पास से 5.211 किग्रा सोने के ज्वेलरी बरामद किया है। पकड़े गए राजेश घनश्यामभाई ने बताया कि वह 1489 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस से वाराणसी पहुंचा है। ज्वेलरी उसे बिहार के पटना स्थित गांधी मैदान के पांच दुकानों पर देना है। जेवरात के दस्तावेज नहीं दिखाने पर पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो उसके पास से ज्वेलरी का वजन, उसकी कीमत, जीपीएस



और तीन करोड़ के सोने की सिल्ली की पर्ची मिली। पूछताछ में बताया कि उसे सोने की सिल्ली लेकर गुजरात लौटना है।

एटीएस और आयकर विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर आर ऐश्वर्या ने आरोपी से पूछताछ की। आयकर अधिकारी ने ज्वेलरी को जीआरपी के मालखाना में रखवाने के साथ जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार करियर ने बताया कि वह पहले भी दो बार ज्वेलरी पटना पहुंचा चुका है। वाराणसी से जनरल टिकट लेकर पटना रवाना हो जाता। कहा कि राजकोट में यह आभूषण बनाए जाते है। ऑर्डर मिलने पर बिहार समेत विभिन्न हिस्सों में इसकी आपूर्ति होती है। हालांकि, कागजात के सवाल पर निरुत्तर हो गया। पटाडिया राजेश घनश्यामभाई के पास से बरामद कंप्यूटराइज्ड बिल फर्जी निकला है।

## दिल्ली की सीमा पर लगेंगे बाहरी राज्यों की 2000 बसों के ब्रेक, बनेंगे तीन नए ISBT

**नईदिल्ली, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अगर सभी कुछ ठीक-ठाक रहा और परियोजनाओं के बीच कोई बड़ी तकनीकी अड़चन नहीं आई तो आने वाले कुछ सालों में दिल्ली को तीन नए आईएसबीटी मिलने जा रहे हैं। इन्हें बनाए जाने के पीछे बड़ा उद्देश्य दूसरे राज्यों की बसों को दिल्ली शहर के अंदर प्रवेश न देना है। इससे प्रदूषण कम होने के साथ-साथ खासकर कश्मीरी गेट इलाके को जाम से भी बड़ी राहत मिल सकेगी। इन तीनों आईएसबीटी को टीकरी बॉर्डर, नरेला और द्वारका-21 में बनाया जाएगा। इनके बनने से बाहरी राज्यों की प्रतिदिन 2000 बसें दिल्ली शहर के अंदर आने से बच सकेंगी। दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (डीटीआईडीसी) ने इसमें से द्वारका आईएसबीटी के लिए डीएमआरसी को सलाहकार कंपनी नियुक्त कर दिया है। टीकरी बॉर्डर के लिए जमीन लेने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है और नरेला की जमीन पर कब्जा हो जाने से दूसरे स्थान पर जमीन ढूंढी जा रही है। दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल दोनों ओर से इस पर सहमति



है और दोनों के प्रयासों से योजना आगे बढ़ रही है। गत दिनों एलजी वी के सक्सेना की अध्यक्षता में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की मौजूदगी में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह साफ कर दिया गया कि इन मुद्दे पर तेजी से काम किया जाए। इसमें से नरेला और द्वारका की योजनाएं बहुत पुरानी हैं, जिनकी फाइलें धूल फांक रही थीं तथा टीकरी बॉर्डर की नई योजना सामने आई है।जमीन में व्यवधान आ जाने पर एलजी के निर्देश पर डीडीए ने नरेला आईएसबीटी के लिए नए भूखंड की तलाश तेज कर दी है।इन परियोजनाओं पर परिवहन विभाग के अंतर्गत दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (डीटीआईडीसी) इस पर काम कर रहा है। इन तीनों को पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मोड में डीएमआरसी के माध्यम से चलाए जाने की योजना है। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि इनके बनने पर दिल्ली में प्राइवेट और सरकारी मिलाकर कम से कम 2000 बसों के शहर में आने पर रोक लग सकेगी। अभी आईएसबीटी कश्मीरी गेट, आनंद विहार व सराय काले खां से 3500 अंतर्राज्यीय बस ट्रिप प्रतिदिन लगाए जाते हैं और 2000 लोकल बस के ट्रिप भी लगाए जाते हैं। यहां से मुख्यत. उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से लेकर जम्मू-कश्मीर तक के लिए बसें चलती हैं।नरेला आईएसबीटी के लिए वर्षों पर पहले आवंटित जमीन के कब्जा मुक्त नहीं होने से अब एलजी वी के सक्सेना के निर्देश के बाद इस योजना के लिए डीडीए द्वारा दूसरे स्थान पर जमीन उपलब्ध कराने की कवायद शुरू कर दी गई है।

## टीबी के मरीजों के लिए सहायता राशि हुई दोगुनी, अब हर माह मिलेंगे इतने रुपये



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत मासिक पोषण सहायता मौजूदा पांच सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दी है। उपचार की अवधि के दौरान सभी टीबी रोगियों को यह सहायता राशि दी जाएगी।स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि टीबी रोगियों की खातिर पोषण सहायता योजना के लिए 1,040 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन स्वीकृत किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत टीबी मुक्त देश बनने के लिए दृढ़ संकल्पित और प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि चूंकि रोग के उपचार में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए टीबी मरीजों को मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इसके तहत पोषण के लिए मासिक सहायता राशि दोगुनी कर दी गई है। अब टीबी रोगियों के सभी घरेलू संपर्कों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कवर किया जाएगा।

# खुद को पुलिस अधिकारी बताता था और, ऑनलाइन ठगी करने वाले गैंग का अंतरप्रांतीय सरगना गिरफ्तार

**कौशांबी, 08 अक्टूबर [एजेंसी]।**

संदीपन घाट क्षेत्र के मूरतगंज में युवक के साथ जून माह में एंटी करप्शन का अधिकारी बन ठगी करने वाले अंतरप्रांतीय गैंग के सरगना को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से घटना में उपयोग किए जाने वाले मोबाइल व कूट रचित तीन आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र समेत उत्तर प्रदेश के कई जनपद में जालसाजी की कुल 26 शिकायतें पंजीकृत हैं। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने पूछताछ के बाद चालान न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेजा गया।मूरतगंज निवासी दिनेश केसरवानी ने 26 जून को साइबर थाना में शिकायत किया कि उनके मोबाइल पर 22 जून को अनजान कॉल आई। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एंटी करप्शन का अधिकारी बताया। जालसाज ने दिनेश से कहा कि उसके खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत है। वह उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज देगा। दहशतजदा दिनेश ने मुकदमे से छुटकारा किये जाने की बात कही तो जालसाज ने एक बैंक खाता वाट्सएप पर दिया और कहा कि इसी




अकाउंट नंबर पर चार हजार रुपये भेज दे। दिनेश ने व्हाट्सएप की डीपी चेक की तो पुलिस अधिकारी की फोटो लगी थी। ऐसे में उन्हें विश्वास हो गया कि काल करने वाला व्यक्ति सच में अधिकारी है। उन्होंने जालसाज के कहने पर चार हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसी तरह ब्लैकमेल करते हुए कई किश्त में जालसाज ने दिनेश से अपने खाते में कुल एक लाख सात हजार पांच सौ रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद फिर से वह रुपये की मांग करने लगा। लिहाजा, दिनेश ने कुछ बुद्धिजीवियों के समझाने पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव से शिकायत की। उनके निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीओ मंझनपुर सत्येंद्र तिवारी के मुताबिक, जांच के दौरान पता चला कि जिस अकाउंट नंबर में रुपए मंगाए गए हैं, उसमें से इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खाते में 35 हजार 822 रुपये भेजे गये हैं। इस पर साइबर टीम ने बैंक के अधिकारियों से बातचीत कर उस खाते को फ्रीज करा दिया। इसके बाद जांच करते हुए पुलिस टीम ने कानपुर देहात के केशरवल अंतर्गत धौकलपुर निवासी भानू सिंह पर संदेह किया। उसकी धर-पकड़ कर पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तीन मोबाइल व तीन आधार कार्ड बरामद किए।पकड़ा गया आरोपी पुलिस अधिकारी बन लोगों को ठगी का शिकार बनाता है। संदीपन घाट के मूरतगंज के रहने वाले युवक से भी ठगी की थी। उसके खिलाफ यूपी के विभिन्न जनपदों के अलावा गैर प्रांतों में भी ऑनलाइन शिकायतें की गई हैं। गैंग में शामिल अन्य सदस्यों का पता लगाया जा रहा है। आरोपी ने अपने गांव के अधिकांश लोगों द्वारा इसी तरह ठगी किये जाने की बात बताई है। इसमें कितनी सच्चाई है, इसकी जांच कराई जा रही है।- सत्येंद्र तिवारी, सीओ मंझनपुर।

सीओ ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अंतरप्रांतीय गैंग का सरगना है। उसके पास से बरामद मोबाइल के नंबरों को ट्रेस कराया गया तो पता चला कि इन नंबरों से महाराष्ट्र के ठाणे व आउटर डिस्ट्रिक्ट दिल्ली के अलावा यूपी के कौशांबी समेत सुल्तानपुर, गाजीपुर के अलावा 21 अन्य शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल में दर्ज हैं। यही नहीं, पकड़े गए आरोपी ने यह भी बताया कि उसके गैंग में कई अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस हत्थे चढ़े भानु सिंह ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके परिवार के अन्य सदस्यों के अलावा गांव के अधिकांश लोग इसी तरह एंटी करप्शन व क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। यह खेल वर्षों से किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आम जनता की सभी समस्याओं को ध्यान से सुनें एवं संबंधित सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा एवं नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री व्यास ने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री व्यास ने 15 नवंबर से शुरू होने वाले धान उपार्जन की तैयारी को लेकर भी सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी खरीदी केन्द्रों में अवश्य सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री व्यास ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को कहीं भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए दावा आपत्ति 18 तक आमंत्रित

**सूरजपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर विकास खण्ड स्तरीय मुल्यांकन समिति द्वारा तैयार अनंतिम (प्रावधिक) चयन सूची सर्व साधारण की सूचना हेतु एतद्द्वारा जारी प्रकाशित की जाती है। इस सूची के विरूद्ध किसी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की कोई दावा, आपत्ती हो तो, वे अपना दावा आपत्ती सुसंगत दस्तावेजों के साथ 18 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना दावा, आपत्ती प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। दावा आपत्ति केवल इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्य कार्यालयों में दावा आपत्ति प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि दावा आपत्ती में कोई भी ऐसा नवीन दस्तावेज जो पूर्व में आवेदन के साथ जमा नहीं किया गया है, और दावा आपत्ती के दौरान प्रस्तुत करने से मेरिट लिस्ट प्रभावित हो स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। केवल वही दस्तावेज स्वीकार्य किये जायेंगे। जो आपके आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज को प्रमाणित अथवा स्पष्ट करता हो।

## लटोरी में नवीन तहसील कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा लटोरी में नवीन तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र के निवासियों को एक बड़ी सौगात नवीन तहसील कार्यालय के रूप में मिली है,जिससे लोगों के समय व पैसे दोनों की बचत होगी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत के लोग राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा आसानी से प्राप्त कर सकेंगें। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि लटोरी में तहसील कार्यालय खुल जाने से आम नागरिकों को अब राजस्व संबंधी कामकाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नवीन तहसील कार्यालय के खुलने से क्षेत्र के नागरिकों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। इससे राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में गति आएगी। साथ ही शासकीय योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं प्रशासकीय कामकाज में कसावट लाने में सुविधा होगी। शासन की योजनाएं एवं मूलभूत सुविधाएं आम नागरिकों को आसानी से उपलब्ध होगी और विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी। गौरतलब है कि नवीन तहसील का निर्माण लटोरी के नवापारा में 71.12 लाख की लागत से किया गया है। तहसील के निर्माण से इसके 64 ग्रामों के लोगो को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## आवास चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को किया जा रहा प्रोत्साहित

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश पर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को शत प्रतिशत रूप से लाभान्वित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चौपाल लगाकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने एवं समय सीमा में आवास निर्माण करने को कहा जा रहा है। इस क्रम के आज जिले के विभिन्न जनपदों के विभिन्न क्षेत्रों, ग्रामों में आवास निर्माण कार्य के सफल संपादन के लिये मार्गदर्शन दिया गया। भैयाथान के ग्राम बुंदीया, ओड़गी के रामपुर, प्रतापपुर के धोन्धा, टुकुडांड सहित विभिन्न ग्रामों में आवास चौपाल का आयोजन किया गया।

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर सभी तैयारियां हो सुनिश्चित-कलेक्टर

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसका सफल सम्पादन हो इसके लिए समय सीमा की बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा उपस्थित अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपें गये। उन्होंने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर होने वाला कार्यक्रम उत्कृष्ट स्तर का हो। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धि, महत्वपूर्ण योजना एवं सफल परियोजना को विशेष रूप से प्रदर्शित करने हेतु कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही 01 नवम्बर से 06 नवम्बर तक जिला मुख्यालय के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी सुनिश्चित करने की बात कही गई। बैठक में ग्रामीण सचिवालय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें तय ड्यूटी चार्ट के अनुरूप सभी अधिकारी अपने कर्तव्य का वाहन करें और अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे, इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश कलेक्टर द्वारा किये गये। पंडों जनजाति के लिये लगाये जा रहे विशेष शिविर को लेकर भी चर्चा की गई। पंडों जनजाति के हितग्राहियों को शत-प्रतिशत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाये, इसके लिये शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमित रूप से उपस्थित होने की बात कही गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, एसडीएम श्री जगन्नाथ वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** टाटीबंध ओव्हरब्रीज के नीचे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं युवती घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में आमानाका पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक शशांक वर्मा 34 वर्ष अंबागढ़ चौकी मानपुर का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक शशांक अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएस 3736 में अपनी महिला दोस्त लक्ष्मी यादव को बिठाकर कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध ओव्हरब्रीज के नीचे ट्रक क्रमांक सीजी 18 के 2132 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार शशांक की मौत हो गई। वहीं लक्ष्मी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** रावाभाठा खमतराई में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सतीष कुमार साहू 25 वर्ष मारूति रोड लाइन रावाभाठा का रहने वाला है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना

# नए आशियानों में संवर रही हैं ग्रामीणों की खुशियाँ

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में 45 हज़ार से अधिक आवासों की स्वीकृति

### जिले के लिए 391 करोड़ की राशि मंजूर, सपनों को मिली नई उड़ान

### 32 हज़ार से अधिक परिवारों को पहली किस्त में 111 करोड़ रुपए की राशि जारी



**बलरामपुर।** रोटी, कपड़ा और मकान जीवन की तीन सबसे अहम आवश्यकताएँ हैं, जिनकी पूर्ति के लिए हर व्यक्ति लगातार प्रयास करता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ आजीविका के सीमित संसाधन होते हैं, लोग अपने परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसे में यदि इन्हीं आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकारी सहायता मिल जाए, तो जीवन के बड़े कष्टों से छुटकारा पाया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने ऐसे ही परिवारों के घर के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में इस योजना के तहत मिले आर्थिक सहयोग से कई परिवारों के जीवन में नई रोशनी आई है। त्योहारी सीजन के इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने अपने नए पक्के घरों का गृह प्रवेश कर पूजा-अनुष्ठान के साथ इसे शुभारंभ किया है। वहीं, जिन परिवारों को नए आवास की स्वीकृति मिली है, वे भूमि पूजन कर अपनी खुशियों का जश्न मना रहे हैं। इस योजना ने न केवल आशियाने दिए हैं, बल्कि इन घरों में उम्मीद और खुशहाली की नई किरणें भी बिखेरी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के विशेष प्रयासों से पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 8 लाख 40 हजार आवासों की स्वीकृति दी गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 45,719 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से स्थाई प्रतीक्षा सूची में शामिल 41,166 आवासों में से 32,304 को मंजूरी दी जा चुकी है, और 27,144 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि जारी की जा चुकी है। योजना के तहत कुल 391 करोड़ 38 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 111 करोड़ रुपये सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से जारी किए गए हैं। विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक 08 वर्षों में जिले में कुल 44,188 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिसमें से 42298 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं, लेकिन यह पहला अवसर है जब केवल एक ही वित्तीय वर्ष में 32,304 आवासों की स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान योजना के तहत जिले के सुदूर क्षेत्र में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के पात्र परिवारों को सर्वेक्षण के आधार पर 2,958 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 2,413 हितग्राहियों को प्रथम किस्त, जबकि 894 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई है। वर्तमान में इस योजना के तहत 150 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। नवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के 32 हज़ार से अधिक ग्रामीणों को नया मकान मिलना उनके जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बन गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से मिली आर्थिक सहायता के कारण ग्रामीण अपने पक्के मकानों का निर्माण कर रहे हैं, और विगत 2 वर्षों में लगभग 10 हज़ार से अधिक पूर्ण आवासों में लोग गृह प्रवेश कर अपनी खुशियाँ मना रहे हैं। विकासखण्ड राजपुर के निवासी मोहरसाय पहाड़ी कोरवा बताते हैं कि उनका पक्का घर अब बन गया है, और उन्हें रोजगार गारंटी से 95 दिनों का रोजगार भी मिला। श्री नवसाय ने बताया कि उन्हें पंचायत से सूचना मिली कि उनका आवास स्वीकृत हो गया है, और अब उनके परिवार ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। शिवरतन कोरवा और उनके परिवार ने अपने घर को सजाकर हाल ही में गृह प्रवेश किया। वर्षों पुराना सपना पूरा होने पर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की। इसी प्रकार, रूबल ने बताया कि उनके परिवार ने भूमि पूजन कर अपने नए घर की नींव रखी, और उनके बैंक खाते में पहली किस्त की राशि 40,000 रुपये भी आ गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी बड़ा बदलाव लाया है, जिससे वे अपने भविष्य के प्रति आश्वस्त और सशक्त महसूस कर रहे हैं।

# कालेज के छात्रों ने गरबा की अदभुत प्रस्तुति देकर मोहा स्वास्थ्य मंत्री को

### केवी पटेल ग्रुप ऑफ़ कालेज के गरबा नाइट्स में उमड़ा भीड़





**चिरमिरी।** केबी पटेल ग्रुप ऑफ कालेज सरभोका के गरबा कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री ने नवरात्रि की दी सबको शुभकामनाएं, कहा भारत इसी तरह की छोटी छोटी खुशियों का देश है। ज्ञात हो कि केबी पटेल ग्रुप ऑफ़ कालेज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गरबा एंड डांडिया नाइट्स कार्यक्रम में कालेज के छात्रों ने अदभुत गरबा की प्रस्तुतियां दी। गरबा कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत गरबा नृत्य कर किया गया। इस दौरान गरबा का नृत्य करते बच्चों ने लाल गुलाब का फूल स्वास्थ्य मंत्री को भेट किए। गरबा नाइट्स के कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत छोटी छोटी खुशियों में भी आनंदित होता है। भारत देश 365 दिनों में 365 खुशियों को खोज लेता है, त्योहार के इस देश में परंपराओं, संस्कृति को जीने का काम किया जाता है । केबिनेट मंत्री ने लोगों से अपील किया कि लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 08 अक्तूबर से आयोजित होने वाले लाइव आर्केस्ट्रा और गरबा महोत्सव में भी पहुंच कर गरबा का आनद आप लोग लें।

## 152 प्रतिशत की दर से भूमि के नियमितिकरण की प्रक्रिया 17 को

**अम्बिकापुर।** प्रभारी अधिकारी कलेक्टर वाचक शाखा ने बताया कि काबिजकास्त भूमि का 152 प्रतिशत की दर से व्यवस्थापन/आबंटन करने के संबंध में आवेदक आलोक कुमार सिंह निवासी आंबेडकर चौक के पीछे शनि मंदिर के पास नमनाकला द्वारा प्रस्तुत आवेदन के उक्त प्रकरण में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 17 अक्टूबर 2024 कलेक्टर न्यायालय में दिन के 12 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर आवेदक के विरुद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## ऑनलाइन पैसा कमाने का झांसा देकर हजारों की ठगी

**रायपुर।** ऑनलाइन काम करके पैसा कमाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिलोकचंद पात्रे 31 वर्ष वीरकुंवर सिंह कालोनी हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल धारक 92335-39436 से कॉल कर प्रार्थी से कहा कि ऑनलाइन पैसा कमाने का झांसा देकर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर 10500 रुपए लगाने का झांसा दिया और रोज 2 से 4 हजार रुपए कमाने का लालच दिया। जिससे प्रार्थी ने आरोपी के बताए खाते में जोड़कर लोगों से पैसा लेकर ठगी किया। जिसके बाद आरोपी ने ग्रुप को बंद कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं:साव

### अधिकारियों को फील्ड पर जाकर कार्यों के बारीकी से निरीक्षण के दिए निर्देश



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा बेमेतरा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने बेमेतरा जिला मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विकास कार्यों की प्रगति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल तथा विधायक श्री दीपेश साहू और श्री ईश्वर साहू भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। इसके लिए पात्र सभी हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत करें। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्माण और जन सुविधाएं विकसित करने के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर शहरों का सुव्यवस्थित और सुनियोजित विकास सुनिश्चित करें। कर्मचारियों के वेतन का समय पर भुगतान करें। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों और पुल-पुलियों की मरम्मत का काम प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान देने को कहा। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों के साथ ही फील्ड पर जाकर कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने को कहा। श्री साव ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े, इसका ध्यान रखें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का तेजी से निपटारा करने के निर्देश दिए। श्री साव ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने आंगनबाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति के साथ ही उनके लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक से सहयोग लेकर योजना बनाकर इनकी रोकथाम करने को कहा। उन्होंने अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बेमेतरा जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू और जिला पंचायत के सीईओ टेकचन्द्र अग्रवाल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने होरा ट्रांसपोर्ट के सामने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 किलो 752 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर होरा ट्रांसपोर्ट के सामने आरोपी शेख सोहेब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस की निकाय चुनाव तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने न्याय यात्रा के सफल समापन के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में तेजी ला दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा के बाद निकायों के लिए प्रभारी नियुक्त करने की सूची तैयार कर ली है। सूची को दीपावली से पहले सार्वजनिक किए जाने की उम्मीद है, जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह बढ़ सके। यह निर्णय विशेष रूप से विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मिली हार के बाद लिया गया है, ताकि कांग्रेस अपने कब्जे वाले निकायों को बचाने और मजबूत करने में सफल हो सके। कांग्रेस का ध्यान इस बार न केवल चुनाव जीतने पर बल्कि स्थानीय मुद्दों और विकास कार्यों पर भी केंद्रित होगा। संगठन ने वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर स्थानीय स्तर पर पार्टी की मजबूती बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस रणनीति के तहत, कांग्रेस पार्टी चुनावी मैदान में एक संगठित और प्रभावशाली रूप से उतरने की योजना बना रही है। इसके जरिए वे अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनसमर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

## राज्य को सीआरआईएफ योजना के लिए मिली 892.36 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को बड़ी सौगात दी है. बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिलों 8 राज्य सड़क खंड के विकास कार्य के लिए वित्त वर्ष 2024-25 सीआरआईएफ योजना के तहत 892.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है. यह जानकारी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी। सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा, छत्तीसगढ़ के लिए हर्ष का विषय है कि 8 राज्य सड़क खंडों के विकास के लिए 892.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दी है. इन सड़कों के निर्माण से प्रदेश में विकास को और अधिक रफ्तार मिलेगी. साथ ही लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

## टैक्स जमा नहीं करने वालों के घरों से काटे जा रहे नल कनेक्शन

**रायपुर।** नगर पालिक निगम। बार-बार टैक्स वसूली की अपील करने के बाद भी टैक्स नहीं देने वाले पर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। टैक्स वसूली के लिए निगम ने पूरी तरीके से अभियान छेड़ दिया है, अब टैक्स वसूली अवकाश के दिनों में भी की जा रही है। मौके पर काटे जाएंगे नल कनेक्शन। निगम लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व वसूली के लिए इसके निर्देश दिए हैं, ताकि वसूली में तेजी आए। अवकाश के दिनों में ज्यादातर लोग जो सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मचारी होते हैं। वे घरों पर मिलते हैं इसी मंशा से अवकाश के दिनों में भी वसूली की जा रही है।

राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी शनिवार अवकाश तथा रविवार अवकाश को भी टैक्स वसूली के लिए दुकानों, मकानों एवं प्रतिष्ठानों में टेबल लगाकर वसूली किया गया। इधर टैक्स नहीं देने वाले बकायेदारों के ऊपर कार्यवाही करना निगम ने शुरू कर दिया है। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि आज जल कर वसूलने के लिए अभियान शुरू किया गया है।जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर एवं राजस्व विभाग अमले के साथ पहुँचे। उन्होंने वार्डो में टीम के साथ जाकर कार्रवाही के साथ जल कर नही जमा करने पर मौके पर ही नल कनेक्शन काटे जा रहे है। उन्होंने बताया कि आज टैक्स व जलकर जमा नहीं करने वाले 3 लोगों के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही निगम टीम ने की है।वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, एवं 56 का निरीक्षण किया गया।इसमें लम्बे अवधि से टैक्स का भुगतान नही करने वाले वार्ड 56 के करदाता से डोर-टू-डोर जाकर नल कनेक्शन काटने की चेतवानी दी गई,जिसमे 3 मकानों के नल कनेक्शन काटा गया।

उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर के द्वारा प्रत्येक सप्ताह को राजस्व विभाग के कर्मचारियों की बैठक टैक्स वसूली को लेकर की जा रही है। वित्तीय वर्ष के करदाता से नगर निगम की अपील है कि वे शीघ्र अति शीघ्र अपना टैक्स जमा कर दें। टैक्स वसूली के लिए निगम ने टीम का गठन कर दिया है। तथा प्रतिदिन टीम के माध्यम से निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी टैक्स की वसूली कर रहे हैं।

निगम को चालू वित्तीय वर्ष तथा बकाया मांग को मिलाकर 35 करोड़ रुपये की वसूली की जानी है।निगम ने कमर कस लिया है और राजस्व विभाग के कर्मचारी घर-घर तक पहुंचने लगे हैं। इस अवसर पर राजस्व विभाम अमला मौजूद रहें।

## पुलिस चला रही प्रदेश स्तरीय साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा

**रायपुर।** अभियान के तीसरा दिवस पर शासकीय गेंदसिंह महाविद्यालय पंखाजूर कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंखाजूर प्रशांत शुक्ला ने महाविद्यालय छात्र-छात्राओ को सायबर जागरूकता जानकारी स्वयं दिये और बताया कि आज के दौर में जैसे शारीरिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, वैसे ही डिजिटल स्वास्थ्य भी जरूरी है।

## छग स्क्वैश ओपन चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ स्क्वैश ओपन चैंपियनशिप 2024 का विधिवत शुभारंभ आज माननीय बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति और खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में कैलाश मुरारका, सीमा कोर, मुकुश कंडोई, और अन्य प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया और छ.ग. स्क्वैश एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# डीएमएफ मद से नगर पालिका बांकीमोंगरा में कराए जाएंगे 4 करोड़ 15 लाख रुपए के 55 कार्य , प्रशासन से मिली स्वीकृति

**कोरबा ।** जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के सभी 30 वार्डों में विभिन्न विकास कार्य नाली निर्माण, सीसी रोड़ सहित अन्य 55 कार्य के लिए 4 करोड़ 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा राशि स्वीकृत किए जाने से नवगठित नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में कार्य स्वीकृत होने से वार्ड में व्याप्त समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। स्वीकृत कार्य अंतर्गत पुरेना बस्ती में शास. स्कूल से रामसिंह घर तक सी.सी. रोड निर्माण 3.50 लाख, बांकी खदान के पास से मड़वाढोढा तक बी. टी. रोड रिन्युवल 13.13 लाख, मेन रोड से भीमसेन घर तक सी.सी. रोड निर्माण 2.81 लाख, बहादुर घर से समारू घर तक सी.सी. रोड निर्माण 4.74 लाख, प्रभात घर से कुषवंत घर तक सी.सी. रोड निर्माण 4.74 लाख , शीतला मंदिर से देव टेंट हाउस से होते हुए ट्रांसफार्मर तक सी.सी. रोड निर्माण 6.9 लाख, छ.ग. पब्लिक स्कूल से मंगल बिंझवार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 7.31 लाख, मोंगरा बस्ती, जर्जर मुक्तिधाम में प्रतिक्षालय, जलाने का शेड, बाउंड्री वॉल का मरम्मत, पोस्ट मार्टम कक्ष मरम्मत, सी.सी. रोड, पानी के लिए बोरवेल, बिजली व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाईट 30.25 लाख, बहादुर अण्डा वाले के घर से पाल गुरूजी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण 4.43 लाख, मेन रोड से रावण मैदान होते हुए हरिशंकर घर तक सी.सी. रोड निर्माण 2.84 लाख, पानी टंकी नवाब अली के घर से देवांगन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 8.12 लाख, कुमारी घर से संतराम के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण 5.89 लाख ,गणेश गुप्ता घर से रामकुमार साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 8.12 लाख, गुरुद्वारा मोहल्ला में मैदान अली के घर से महाराज के घर तक आर. सी. सी. नाली निर्माण 10.49 लाख, मेन रोड चंडी मंदिर से शिवम टी.वी. स्टोर तक सी.सी. रोड निर्माण 4.74 लाख, लखपत शर्मा के घर से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण 4.74 लाख, लखपत के घर के पास आर.सी.सी. कलवर्ट निर्माण 1.04 लाख, पानी टंकी एम. जी. व्ही. एम. स्कूल से सरदार घर तक सी.सी. रोड निर्माण 8.12 लाख ,शांतिनगर सामुदायिक भवन से साहू टेलर के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण 8.52 लाख, पटेल मोहल्ला जंगल साईड तूफानी घर से गोपाल दास के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण 13.80 लाख, जंगल साईड सिदार मोहल्ला हरि साहू के घर से गीता बड़ा के घर तक सी.सी. रोड 3.4 लाख, शा. प्रा. शाला बांधापारा में शौचालय एवं किचन शेड निर्माण 7.23 लाख, विशेष अग्रवाल के घर के सामने से तिलकराम चौहान के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 7.31 लाख दुर्गा पण्डाल से लक्ष्मीबाई चौहान तक सी.सी. रोड निर्माण 7.31 लाख, मनोज साहू के घर से आंगनबाड़ी तक आर. सी.सी. नाला निर्माण 6.29 लाख, बनवारी साईड से अम्बेडकर नगर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण 8.39 लाख, अम्बेडकर चौक से रमेश केसरी के घर तक सी.सी. रोड एवं रिटेनिंग वॉल 2.07 लाख, चौपाटी से विनायक स्कूल तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण 13.26 लाख, सनसाईन स्कूल से दीपक कर्ष के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 3.25 लाख, गोविंद के घर से कोटवार मोहल्ला हीराबाई चौहान के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण 13.26 लाख, जुगल साहू के घर से मनोज चौहान के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 8.53 लाख, कटाईनार शिव मंदिर चीफ हाउस से खेत वाले रास्ते होते हुए मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण 3.65 लाख का कार्य, गुड़ीपारा सामुदायिक भवन से सेवकदास घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण 4.74 लाख, गुड़ीपारा सामुदायिक भवन से सेवकदास घर तक सी.सी. रोड निर्माण 8.39 लाख, मनकू घर से साईं मंदिर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण 13.26 लाख, राजा ठेला घर से राजेन्द्र यादव एवं गायत्री साहू के घर होते हुए राठौर जनरल स्टोर तक सी. सी. रोड निर्माण 6.9 लाख, तिहारू चौहान के घर से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण 16.24 लाख, जयस्तंभ से ओम कुर्रे के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 7.58 लाख, दयानंद चौधरी के घर से पप्पू पोद्दार के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण 10.35 लाख, मड़वाढोढ़ा के अगरिया मोहल्ला में जतन घर से मसतराम घर तक सी.सी रोड 2.37 लाख, मड़वाढोढा में गांधी चौक से शत्रुघन घर तक सी.सी. रोड निर्माण 3.55 लाख, सड़कपारा बुधवार यादव घर से राहुल किराना तक सी.सी. रोड निर्माण 2.37 लाख, गांधी चौक से डॉ. कंवर घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण 8.39 लाख, राजू साहू के घर से रवि घोषाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 7.10 लाख, रवि घोषाल के घर से कौशल्या देवी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण 6.29 लाख, उड़िया मोहला शांतिनगर सांस्कृतिक मंच से मउथराम सारथी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 3.55 लाख, बजरंग चौक से चुनचुनी बस्ती तक सी.सी. रोड निर्माण 19.28 लाख, पप्पू काले के घर से कन्हैया के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 10.66 लाख, पटेल वस्त्रालय से नागेन्द्र के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 10.80 लाख, स्कूल से महंत पारा तक सी.सी. रोड निर्माण 11.04 लाख, राधेलाल देवांगन घर से सूर्या यादव घर तक सी.सी. रोड निर्माण 8.26 लाख का कार्य, वैष्णव महाराज के घर से सुनील महंत के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 7.10 लाख, आर्यन स्कूल से पूरब किराना तक सी.सी. रोड निर्माण 8. 34 लाख का कार्य, श्याम सुन्दर के घर से बहराता लाल कश्यप के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 1.62 लाख, कटाईनार मुक्तिधाम से मेन रोड़ तक सीसी रोड़ निर्माण 0.71 लाख का कार्य

## जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं सम्बंधित अधिकारियों को आवेदनों का जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज दीपका तहसील अंतर्गत ग्राम कनबेरी निवासी बिनोद कुमार आत्मज बंशी लाल द्वारा बाल्को कंपनी के राखड़ वाहक गाड़ी द्वारा उनके निजी खेती जमीन के मेड़ के समीप राखड़ डंप किए जाने के कारण हुए फसल एवं कृषि भूमि नुकसान का मुआवजा दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने तहसीलदार द्वारा आवेदन की परीक्षण कर आवेदक को राहत पहुचाने हेतु निर्देशित किया गया।इसी प्रकार जनदर्शन में पेंशन, मुआवजा, स्वास्थ्य उपचार, अतिक्रमण हटाने, वनाधिकार पट्टा, भूमि संबंधी विवाद का निराकरण सहित अन्य समस्याओं के कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर शासन के नियमानुसार समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान खाद्य, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला व बाल विकास सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए हुई बैठक

**कोरबा ।** 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में तथा नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान श्रीमती ममगाई ने क्रीड़ा प्रतियोगिता की सफलता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी हेतु विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि क्रीड़ा प्रतियोगिता की सफलता के लिए सभी विभाग तथा संस्थाएं अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। उन्होंने कहा कि बाहर से खिलाड़ी/बच्चे आ रहे हैं, उनके लिए खेल मैदान, आवास व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था,सफाई व्यवस्था, भोजन, पानी, परिवहन आदि व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देकर तैयारी की जाए ताकि राज्य में जिले की उच्च छवि बनी रहे।

उल्लेखनीय है कि कोरबा में चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 21 अक्टूबर से 24 अक्तूबर 2024 तक किया जाएगा। इसमें क्रिकेट बालक/ बालिका 19 वर्ष, एवं नेटबॉल बालक/ बालिका 14, 17, 19 वर्ष के पांच संभागों से बालक 260 तथा बालिका 260 कुल 520 खिलाड़ी और 5 संभागों से 125 कोच मैनेजर तथा 150 राज्य स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे। इसके साथ ही मेजबान कोरबा जिला आयोजन समिति के कार्यकर्ता एवं स्थानीय अधिकारी 200 की संख्या में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में लगभग 1000 खिलाड़ी और अधिकारी कर्मचारी होंगे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी. पी. उपाध्याय, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री दीनू पटेल, प्राचार्य सहित एचसीसीएल, विद्युत, बाल्को आदि के अधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रायसिकल से यूनस का सफर होगा आसान



**कोरबा ।** एक दुर्घटना के पश्चात अपने दोनों पैर पर ठीक से खड़ा नहीं हो पाने वाले यूनस राज को आज एक नया साथी मिल गया। उन्हें यह साथी एक ट्रायसिकल के रूप में मिला है और इस साथी की बदौलत वह अपनी कठिन डगर के सफर को आसान बना सकता है।

राज्य शासन द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदम के अनुरूप यूनस राज को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से ट्रायसिकल प्रदान किया गया। अब ट्रायसिकल मिल जाने के बाद यूनस अपनी पसंद के अनुसार कही भी आना जाना कर सकता है। रामपुर के रहने वाले यूनस राज ने बताया कि एक दुर्घटना से उसका पैर चोटिल होने के साथ पहले जैसा चलने फिरने लायक नहीं रहा। ट्राईसाइकल नहीं होने से आने जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। युनस राज ने बताया कि उन्हें जब मालूम है कि शासन द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकल प्रदान की जाती है तो उन्होंने आज अपना आवेदन विभाग को दिया। विभाग के माध्यम से उन्हें ट्राई साइकिल प्रदान की गई है। इस ट्राइसाइकल से वह आसानी से कहीं भी आवागमन कर सकेगा। उन्होंने ट्राई साइकिल प्रदान किए जाने पर शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## प्रभारी एसपी कुकरेजा ने पूजा-पंडालों और मंदिरों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**कोरबा ।** जिले में पूजा-स्थलों में शाम ढलने के बाद गरबा और डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हिस्सा लेने हर वर्ग के लोग पहुंचे रहे हैं। कार्यक्रम स्थलों में भारी भीड़ लग रही है। यह भीड़ दशहरा के दिन और भी बढ़ जाएगी। जिसका फायदा असामाजिक तत्व उठा सकते हैं। जिसे लेकर प्रभारी पुलिस अधीक्षक कोरबा राजेश कुकरेजा अलर्ट मोड पर है।

जिले का प्रभार संभालते ही प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने पूजा-पंडालों और मड़वारानी मंदिर का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक कोरबा राजेश कुकरेजा ने त्यौहारी सीजन में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर उन्होंने मातहत अधिकारियों को अलर्ट रहने हिदायत दी है। पुलिस अधीक्षक कोरबा राजेश कुकरेजा ने मातहत अधिकारियों के साथ ही थाना चौकी प्रभारियों से नवरात्र व दशहरा उत्सव में किए जा रहे सुरक्षा इंतजाम की जानकारी ली। उन्होंने पूजा पंडालों में पहुंचकर समिति के सदस्यों से भी चर्चा की। पुलिस अधीक्षक कोरबा राजेश कुकरेजा ने कहा कि शहर के आर.पी. नगर, पुराना बस स्टैंड, मुड़ापार, एम.पी. नगर सहित कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां रावण दहन के दौरान भारी भीड़ उमड़ती है। इन मार्गों में भारी वाहनों की आवाजाही से अनहोनी घटित हो सकती है, जिसे देखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की जाएगी। शहर में भारी वाहन प्रवेश न कर सकें, इसके लिए आउटर में बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक कोरबा राजेश कुकरेजा ने कोरबा-चांपा मार्ग में मड़वारानी मंदिर में भी दर्शन कर वहां का जायजा लिया।

## एसईसीएल कर्मचारियों के बीच बंटेंगे बोनस के लगभग 3 अरब रुपए

**कोरबा।** एसईसीएल ने दशहरे से पहले अपने कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा दे दिया है। कंपनी द्वारा अपने 36000 से अधिक कर्मियों को लगभग 295 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है। कंपनी के प्रत्येक कर्मी के खाते में 93,750 रुपए के बोनस (परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवार्ड) के रूप में पहुंचेगे।

पिछले वर्ष एसईसीएल द्वारा कर्मियों को 93,750 रुपए के बोनस का भुगतान किया गया था और इस प्रकार इस वर्ष के बोनस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।वर्ष 2010 में कर्मियों को बोनस के रूप में 17,000 रुपए मिले थे और पिछले 12 वर्षों में कर्मचारियों के बोनस में 5 गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अगर पूरे कोल इण्डिया को देखा जाए तो यहाँ दो लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इस प्रकार इन कर्मचारियों के मध्य 1850 करोड़ से अधिक की राशि का वितरण होगा।

कोल इंडिया (CIL) एवं अनुषांगिक कंपनियों सहित सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (SCCL) के कामगारों का बोनस तय करने हेतु नई दिल्ली में हाल ही में बैठक आहूत की गई थी जिसमें कोल इण्डिया प्रबंधन व यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहे थे। दिवाली से पहले बोनस पाकर सभी कर्मीगण अत्यंत हर्षित नज़र आए और बोनस के समयोचित भुगतान के लिए उनके द्वारा प्रबंधन को धन्यवाद दिया गया। एसईसीएल कर्मियों के बोनस का निर्धारण के साथ अब भुगतान भी शुरू हो गया है। एसईसीएल कर्मियों के बाद अब बालको कर्मियों को भी बोनस का इंतजार हो चला है। कोयला खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों के बोनस पर निर्णय हो चुका है। जल्द ही बालको कर्मचारियों के बोनस को लेकर भी स्थिति साफ हो सकती है। चर्चा है कि मंगलवार को कर्मचारियों के बोनस पर प्रबंधन और यूनियन कोई निर्णय ले सकता है। श्रमिक नेताओं की मानें तो बालको में वर्तमान में 860 नियमित कर्मचारी हैं जबकि एलटीएस के तहत संयंत्र में लगभग 5300 ठेका मजदूर काम करते हैं। कंपनी की ओर से बोनस का भुगतान दोनों कर्मचारियों को की जाती है। पिछली बार दुर्गा पूजा से पहले बालको ने अपने प्रत्येक कर्मी को 1 लाख 42 हजार रुपए बोनस का भुगतान किया था। उम्मीद है कि इस बार इसमें लगभग 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। इसके अलावा एलटीएस के तहत काम करने वाले कर्मचारियों को कानूनी प्रावधान के तहत कंपनी उन्हें उनके वेतन पर 8.3 फीसदी राशि बोनस के तौर पर भुगतान करती है।

## विद्युत उत्पादन कंपनी के संयंत्रो ने किया 9181.82 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीजीएसपीजीसीएल) का चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में उत्पादन में गिरावट आई है। कंपनी के तीनों संयंत्र ने 10289 मिलियन यूनिट के मुकाबले 9181.82 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। जबकि 2023- 24 की समान अवधि में उत्पादन 10311.58 मिलियन यूनिट हुआ था।

इसी तरह प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 73.61 प्रतिशत रहा, जबकि लक्ष्य 82.49 प्रतिशत निर्धारित था। बीते साल की इसी अवधि में पीएलएफ 82.67 प्रतिशत रहा। विद्युत कंपनी के 2840 मेगावाट क्षमता वाले तीन विद्युत संयंत्र डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र (डीएसपीएम), हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) का प्रदर्शन खराब रहा, तो जांजगीर- चांपा जिले में अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत संयंत्र (मड़वा) का प्रदर्शन अच्छा रहा। इन तीनों संयंत्र की 2840 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता है।

500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र से पहली छमाही में 1756.53 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादित हुई। जबकि इसका लक्ष्य 1768 मिलियन यूनिट का था। वर्ष 2023- 24 की समान अवधि में 2018.93 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन हुआ था। संयंत्र के पीएलएफ भी 80.51 प्रतिशत लक्ष्य के मुकाबले 79.99 प्रतिशत रहा। जो पिछले साल इसी अवधि में 91.94 प्रतिशत पीएलएफ था। इसी तरह 1340 मेगावाट क्षमता वाले एचटीपीपी को 5031 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन करना था, पर 3866.71 मिलियन यूनिट ही बिजली उत्पादित हुई। बीते वर्ष इसी अवधि में 4625.22 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन हुआ।संयंत्र ने 85.48 प्रतिशत पीएलएफ के स्थान पर 65.70 प्रतिशत पीएलएफ रहा। कंपनी के मड़वा संयंत्र की क्षमता एक हजार मेगावाट है। इस संयंत्र ने पहली छमाही में 3490 मिलियन यूनिट के स्थान पर लक्ष्य से अधिक 3558.58 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। बीते साल समान अवधि में 3667.38 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन हुआ था। संयंत्र का पीएलएफ 81.02 प्रतिशत रहा। जो लक्ष्य से 79.46 फीसदी से अधिक है। बीते साल 83.50 प्रतिशत पीएलएफ था।

### ज्योत्सना महंत बनी सदस्य

कोरबा । कोयला व इस्पात संसदीय सलाहकार समिति में कोरबा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को संसदीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिसकी पहली बैठक 9 अक्टूबर को दिल्ली लोकसभा सचिवालय में आहूत की गई ।



## हरिद्वार पहुंचे जयसिंह अग्रवाल, गंगा स्नान किया महामंडेश्वर स्वामी कैलाशनंद से लिया आशीर्वाद

**कोरबा।** इन दिनों पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल पारिवारिक कार्य से उत्तराखंड के प्रवास पर हैं। आज वे हरिद्वार पहुंचे और पवित्र गंगा स्नान करने के बाद ख्यातिलब्ध निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी का आश्रम पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया। भवतारिणी माँ गंगा मैय्या का अर्ध्य देकर कोरबा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली की कामना की। महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी के आश्रम में कुछ समय का प्रवास भी रहा और महामंडेश्वर से आवश्यक चर्चाएं भी हुई। महामंडेश्वर से आशीर्वाद प्राप्त कर श्री अग्रवाल काफी अभिभूत हुए। उनके साथ गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री रामसुंदर दास महंत सहित रायपुर के कांग्रेस नेता एवं समर्थक उपस्थित थे।

### साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन पश्चात् विशेष शिक्षक/थैरेपिस्ट अभ्यर्थियों की मेरिट सूची

कोरबा । जिले में दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास में बच्चों को शिक्षा, प्रशिक्षण, थैरेपी एवं अन्य सुविधा प्रदान करने हेतु विभिन्न पदों हेतु दस्तावेज साक्षात्कार पश्चात् विशेष शिक्षक/ थैरेपिस्ट के पद हेतु साक्षात्कार समिति से प्राप्त अंको के आधार पर उपस्थित अभ्यार्थियो की मेरिट अंक सूची जारी की जा रही है, जिसे कोरबा जिले के वेबसाईड या कोरबा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

**कोरबा।** वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने, अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान तथा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को क्रमशः 'वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार', 'मिनी माता सम्मान ' व 'बहादुर कलारिन सम्मान' वर्ष 2024 प्रदान किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उप संचालक जनसंपर्क व उप संचालक पंचायत एवं समाज कल्याण, सदस्य के रूप में सम्मिलित होंगे। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को सदस्य संयोजक नियुक्त किया गया है।

### मनाया जा रहा आवास उत्सव

**कोरबा ।** सपनों का घर, सबका अधिकार - आवास उत्सव, नई शुरुआत का आधार, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में इस वित्तीय वर्ष अब तक 30 हजार स्वीकृत किये जा चुके हैं। जिले में आवास उत्सव कार्यक्रम दिनांक 07-10-24 से 15-10-24 तक चलाया जा रहा है। जिसमे स्वीकृत आवासों के ले-आउट कर कार्य प्रारंभ कराना और हाल में पूर्ण हुए आवासों का गृह प्रवेश कराने जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इससे न केवल लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान आएगी, बल्कि यह समाज में एक नई आशा और प्रेरणा का संचार भी करेगा।

# ऑफिसर क्लब प्रगति नगर में महिला कीर्तन मंडली का सम्मान समारोह संपन्न

## पार्षद अरूणीश तिवारी ने महिला भजन मंडलियों किया सम्मान

गेवरा दीपका। प्रगति नगर के ऑफिसर क्लब दीपका में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन पार्षद अरूणीश तिवारी द्वारा किया गया जिसमें क्षेत्र की महिला कीर्तन मंडलियों को सम्मानित किया गया ।

ऑफिसर क्लब में आयोजित इस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में दीक्षा महिला समिति के सदस्य ,नगर पालिका दीपक के सी एम ओ राजेश कुमार गुप्ता और निजी कंपनी कलिंगा कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक विकास दुबे मंचस्थ थे।

इस समारोह में तीन महिला भजन कीर्तन मंडलियों ने हिस्सा लिया ।जिसमे सखियां महिला कीर्तन मंडली प्रथम स्थान, जय मां अंबे महिला मंडली को द्वितीय स्थान और मानस भजन मंडली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें निर्णायक मंडल की ओर से सम्मानित किया गया ।

इन भजन मंडलियों को क्रमशः पाँच हजार, तीन हजार और दो हजार रुपये की नगद राशि से दीक्षा महिला समिति के सदस्यों ने सम्मानित किया ।इस आयोजन में केवल मंडलियों का ही नहीं बल्कि क्षेत्र के कलमकार पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। पत्रकारों को उनके कुशल कार्य के लिए पंडित परम सुख सेवा संस्थान के अध्यक्ष रजनीश तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित पत्रकारों में सुशील तिवारी, शाजी थॉमस, हेमचंद्र सोनी और नितेश शर्मा शामिल थेनवरात्रि पर्व पर ऐसे आयोजन भक्ति भाव



से प्रेरित होते हैं-मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता ने महिला मंडलियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और भक्ति भाव से प्रेरित कार्य सराहनीय होते हैं। नवरात्रि के दौरान यह आयोजन विशेष महत्व रखता है।

भजन परमात्मा से जुड़ने का एक साधन है जिसमे स्वार्थ और परमार्थ दोनों को पुण्य मिलता है-विकास दुबे

कलिंगा कारपोरेशन के महाप्रबंधक विकास दुबे ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भजन कीर्तन के माध्यम से व्यक्ति आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से लाभान्वित होता है। भजन केवल गाने का माध्यम नहीं है, यह परमात्मा से जुड़ने का एक साधन है, जो स्वार्थ और परमार्थ दोनों की पूर्ति करता है।

**दीक्षा महिला समिति का प्रशंसनीय योगदान**

इस कार्यक्रम में दीक्षा महिला समिति की पदाधिकारी रानी प्रसाद, दीपाली रस्तोगी, आशा चंद्र माधव, और प्रीति मेश्राम ने उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने भी आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला और महिलाओं के योगदान को सराहा।

समापन और भविष्य की योजनाएँ

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सखियां कीर्तन मंडली प्रथम स्थान पर, जय मां अंबे मंडली द्वितीय स्थान पर, और मानस मंडली तृतीय स्थान पर रहीं ।इस प्रकार के आयोजनों को भविष्य में भी प्रोत्साहित करने की योजना है, जिससे समाज में भजन और कीर्तन के महत्व को और बढ़ावा मिल सके ।सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्मिक विभाग से प्रदीप पांडे,समाज सेवी ओमप्रकाश जायसवाल , धर्मेंद्र शुक्ला,अरविंद सिंह, गौरव सिंह, गोविंद सिंह, पंकज पांडे उपस्थित थे ।इस अवसर पर सम्मान समारोह के आयोज अरुणीश तिवारी ने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर मातृशक्ति के सम्मान में यह कार्यक्रम किया गया है और माता रानी की कृपा सब पर बनी रहे आने वाले समय में मातृशक्ति एवं कीर्तन मंडली के सम्मान में वृहद कार्यक्रम किया जाएगा

## शार्ट सर्किट से मचा हड़कंप

**कोरबा।** कोरबा शहर से टीपी नगर जाने वाले मार्ग पर देर रात आवागमन रोक दिया गया। स्थानीय लोगों ने बड़ा खतरा भापते हुए एक तरफ की सड़क को ब्लॉक कर दिया था। जानकारी के मुताबिक टीपी नगर में स्थित पाम मॉल के पास स्थापित विद्युत टॉवर से होकर गुजरे हाईटेंशन तार के ज्वाइंट में रात करीब 10.35 बजे कुछ लोगों ने शॉर्ट-सर्किट के कारण चिंगारी भड़कते देखा। मॉल के एक्जिट रास्ते के ऊपर विद्युत तार में आग लगने लगी थी और जिस तार में आग पकड़ रही थी, वह तार मुख्य सड़क के ऊपर से दूसरे पार तक खिंचे होने के कारण तार के टूटकर गिरने का प्रबल अंदेशा हो रहा था। इसके मद्देनजर स्थनीय लोगों ने विद्युत विभाग और पुलिस को सूचना दी।

# होमगार्ड सैनिक के पति की हत्या संदेही की तलाश में जुटी पुलिस

### सिंगापुर क्षेत्र में घटनाक्रम से हड़कंप

**कोरबा।** सिविल लाइन थानांतर्गत सिंगापुर क्षेत्र में एक जनजाति समुदाय के व्यक्ति की नृशंस हत्या पिछली रात कर दी गई। उसके शरीर पर कई जगह घातक हमले के निशान मिले। रात में आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने भी संज्ञान लिया। खबर के अनुसार इस मामले में एक संदेही की भूमिका का पता चला है। उसकी खोज की जा रही है।

बताया गया कि सिंगापुर बस्ती में सोमवार की रात यह घटना हुई। यहां रहने



वाले शिव प्रसाद कंवर की कुल्हाड़ी से हमले कर हत्या कर दी गई। हत्यारे ने शिव प्रसाद के गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर कुल्हाड़ी से कई प्रहार किए। हमले में उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी सुकृता कंवर नगर सेना में सिपाही के पद पर पदस्थ है, जो घटना के दौरान ड्युटी गई थी। घटनाक्रम की खबर कुछ ही देर में आसपास में फैली, जिसके बाद यहां आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। उनकी सूचना पर सिविल लाइन पुलिस के साथ-साथ अन्य अधिकारी यहां आए। उन्होंने मौके का जायजा लिया। डॉग स्कॉड के साथ एफएसएल के अधिकारी ने भी वस्तुस्थिति को जानने की कोशिश की। बताया गया कि घटना को लेकर वास्तविक कारण का पता नहीं चला है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना को अंजाम देने में मृतक के एक करीब व्यक्ति की भूमिका के बारे में जानकारी मिली है। घटना के बाद से वह फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

## सरकारी राशन के लिए उपभोक्ताओं को लगाने पड़े चक्कर



**कोरबा।** पसान में उपभोक्ताओं को सरकारी उचित मूल्य की दुकान से राशन चना और शक्कर के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पीडीएस दुकान संचालक की मनमानी के कारण उपभोक्ता परेशान है। उन्होंने संचालक पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए खाद्य विभाग से कार्रवाई करने की मांग की है।

क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बताया कि लंबे समय से इस प्रकार की समस्या इस गांव की सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकान से बनी हुई है। कभी आवंटन नहीं आने तो कभी दूसरे तरह से बहाने करते हुए राशन देने से बचने की कोशिश संचालक के द्वारा की जा रही है। लोगों के अंगूठे लेने के बाद भी उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। उपभोक्ता ने बताया कि सरकारी राशन को ब्लैक मार्केट में खपाने के लिए इस प्रकार का प्रयास संचालन की ओर से किया जा रहा है। लोगों ने इस विषय को लेकर कोरबा जिले में खड़ी विभाग से शिकायत की है और अपने गांव में एजेंसी बदलने की मांग की है। ग्रामीण उपभोक्ता वर्ग का कहना है कि जब कोई दुकान संचालक ठीक प्रकार से सहूलियत नहीं दे पा रहा है तो उसे लंबे समय तक आखिर क्यों बर्दाश्त करना।

## हिंदू जागरण मंच में मिथिलेश और सुरेश को दायित्व



**कोरबा।** हिंदू जागरण मंच के लिए नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। इसका विस्तार भी हुआ है। ऊर्जावान कार्यकर्ता मिथिलेश पांडेय को जिला संपर्क प्रमुख और सुरेश झा को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। पांडेय और झा लंबे समय से विविध संगठन में दायित्व निभाते रहे हैं और उन्होंने अपनी उत्कृष्ट भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने बताया कि नए दायित्व प्राप्त होने के साथ संगठन के व्यापक हित में कार्य किया जाएगा। बताया गया कि उनकी जानकारी में आने वाले ऐसे सभी विषयों को आगे बढ़ाया जाएगा जो समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# इस वित वर्ष में 251 गांव के लोगों को मिलेगा नल से पानी

**कोरबा।** स्वच्छ और शुद्ध जल लोगों को दिए जाने को लेकर लगातार वादे किए जाते रहे हैं। अब इस पर काम करना भी निश्चित किया गया है। सरकार की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पूर्व में कामकाज चल रहा है। सबडिवीजन कोरबा के अंतर्गत आने वाले ऐसे 251 गांव में लोगों को इसी वित्त वर्ष में ही नलों के माध्यम से पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा। ।

सरकार ने प्राथमिकता के अंतर्गत लोगों को शुद्ध और स्वच्छ जल उपलब्ध कराना तय किया है । शहरी क्षेत्र में जल आवर्धन योजना पर काम किया जा रहा है तो ग्रामीण क्षेत्र के लिए जल जीवन मिशन को लांच किया गया है । इन दोनों योजनाओं के पीछे सबसे प्रमुख उद्देश्य यही है कि हर हाल में पानी की शुद्धता को लेकर किसी प्रकार की शिकायत ना रहे और इस वजह से क्षेत्र में समस्याएं उत्पन्न ना हो। भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित जल जीवन मिशन को कई दृष्टिकोण से काफी सार्थक और महत्वाकांक्षी माना जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कोरबा जिले में जल जीवन मिशन को क्रियान्वित करने के लिए भरपूर कोशिश की जा रही है। कोरबा उपखंड के अंतर्गत 251 ग्राम योजना के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं जहां पर इस कार्य के अंतर्गत कई आयाम को पूरा करना है। बताया गया कि सब



डिवीजन के कोरबा विकासखंड में 130 और करतला में 121 गांव जल जीवन मिशन में शामिल किए गए हैं यहां पर योजना को क्रियान्वित करना है और हर हाल में इसे वित्त वर्ष 2025 की समाप्ति यानी मार्च तक पूरा कर दिया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत परियोजना पर बड़ी राशि खर्च की जानी है। योजना के तहत क्षेत्र में उपलब्ध जल स्रोत को जल प्रदाय के लिए उपयोग में लाया जाएगा। समुचित विकल्प पर काम करते हुए क्षेत्र के लोगों को जल की आपूर्ति पाइपलाइन के माध्यम से कराई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में सभी लोगों के घरों तक पाइपलाइन आधारित नल कनेक्शन दिए जाएंगे। जल स्रोत की खोज के साथ सबमर्सिबल की स्थापना करते हुए वहां से पानी को टंकी में भिजवाया जाएगा। योजना के तहत इन क्षेत्रों में पानी टंकी का निर्माण कराया जाएगा और लाभान्वित के क्षेत्र में पाइपलाइन का विस्तार होगा अधिकारी ने बताया कि हर हाल में इन सभी स्थानों पर योजना को मार्च 2025 तक पूरा किया जाना है। हालांकि पहले यह समय सीमा कुछ और थी लेकिन तकनीकी और दूसरी व्यवहारिक अर्चन के कारण विलंब हुआ।

### केवल एक जगह ग्रुप स्कीम पर काम

जानकारी मिली है कि कोरबा जिले में नदियों पर आधारित ग्रुप जल आपूर्ति व्यवस्था पिछले वर्षों में तैयार की गई थी। इसके लिए पांच स्थान तय किए गए थे लेकिन कई परेशानियां सामने आई । इसलिए केवल एक ही जगह एत्मानगर में ग्रुप स्कीम से लोगों को जलापूर्ति किया जाना संभव हो सका। बाकी चार स्थान पर योजना विचाराधीन है।

## सदस्यता रथ यात्रा

**कोरबा।** युवा मोर्चा द्वारा निकाली जा रही सदस्यता रथ यात्रा आज भिलाईबाजार मंडल में पहुंचकर लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा।

## पंडरीभाठा सहित दो जगह पुलिस ने दबिश देकर जब्त की अवैध शराब

**कोरबा।** कोरबा जिले में पुलिस अपराध नियंत्रण को लेकर सजग कोरबा अभियान चला रही है इसके अंतर्गत कई अधिकारियों को किया जा रहा है ।



थाना और चौकी की पुलिस को निर्देशित किया गया है कि वह अवैध कार्यों पर नजर रखें और किसी भी स्तर से आने वाली सूचनाओं पर संज्ञान ले। इनके बीच कटघोरा पुलिस ने चोरी के पंडरी भाटा और छोरी कला में दबिश देने के साथ विजय सारथी व अर्जुन सारथी को गिरफ्तार किया। उनके ठिकाने से कुल 40 लीटर शराब जप्त की गई है। पता चला है कि यह दोनों काफी समय से इस व्यवसाय में शामिल थे । उनकी गतिविधियों से आसपास के क्षेत्र में वातावरण खराब हो रहा था। लोगों ने अपने स्तर पर इस अवैध कारनामे को रोकने का प्रयास किया लेकिन इसके कोई परिणाम नहीं मिले। इसलिए पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के निर्देश पर थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने विषय को ध्यान में रखा और एक टीम के साथ छापे कीं कार्रवाई की। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी प्रकार के अवैध कार्यों की रोकथाम को लेकर हम सतर्क हैं और लगातार ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है। अखिल भारतीय स्तर पर इस अभियान को क्रियान्वित किया जा रहा है। रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाना परिसर में स्टेशन हाउस ऑफिसर राकेश मिश्रा ने पौधे का रोपण किया। उन्होंने क्षेत्र वासियों से आव्हान किया कि वे भी इस अभियान में अपनी सक्रियता दिखाएं।

## केंदई रेंज में 50 हाथियों की मौजूदगी से बढ़ा खतरा

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। यहां के केंदई रेंज में 50 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं जो तीन झुंडों में बंटकर लमना पहाड़, रोदे के जंगल तथा लालपुर डंपिंग एरिया में घूम रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। वहीं वन विभाग को भी हाथियों की निगरानी करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केंदई रेंज के जंगल में चारों ओर हाथियों की मौजूदगी के चलते ग्रामीण भी डरे हुए हैं। उन्हें यह खतरा लग रहा है कि कहीं हाथी उनके गांव तक पहुंच न जाए और जान-माल को बड़ी संख्या में नुकसान पहुंचा दे। इस बीच क्षेत्र में घूम रहे हाथियों ने खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान को रौंद दिया है। हाथियों द्वारा धान को रौंदे जाने से कई ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी के लिए अमले की ड्यूटी लगाई गई है।



**बृजकिशोर और हिना के देवी गीतों ने जमाया रंग :** शारदा विहार आवासीय परिसर में दुर्गा पूजा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्र के उपलक्ष्य में देवी जागरण का कार्यक्रम पिछली रात आयोजित किया गया। कोतमा एमपी के बृजकिशोर गुप्ता और हिना सिंह के द्वारा एक से बढ़कर एक धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी गई। इन गीतों पर श्रोता झूमने को मजबूर हुए।




## विधानसभा स्तरीय बैठक 10 को

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक 10 अक्टूबर को कटघोरा में आयोजित की गई है। जिसमें सदस्यता को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। मंडलों के पदाधिकारी व बूथ कार्यकर्ता सदस्यता अभियान की जानकारी देंगे। बैठक में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीना शर्मा, हरीश थरवानी, सूर्यप्रकाश शर्मा, धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, मनीष मिश्रा के अलावा मंडलों के पदाधिकारियों को बुलाया गया है।

## आयोग अध्यक्ष तोमर का होगा स्वागत

**कोरबा।** युवा आयोग के अध्यक्ष उदय सिंह तोमर का आज कटघोरा में भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। सरगुजा लौटते समय वे कटघोरा में रूकेंगे। यहां पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, जिला सदस्यता प्रभारी सुभाष राठौर, रामावतार पटेल, मोंटी पटेल, समजीत सिंह, किशन केशरवानी, अनुराग दुहलानी, विवेक मारकण्डे, जय गर्ग स्वागत करेंगे। श्री तोमर वर्तमान में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हैं। नियुक्ति होने पर वे सरगुजा से रायपुर गए हुए थे। वापस लौटते समय उनका जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है।

## पत्रकार शारदा पाल को मातृशोक

**कोरबा।** कटघोरा के पत्रकार शारदा पाल की माता रामकली पाल का मध्य रात्रि लगभग 2 बजे गृहग्राम में निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे रोता बिलखता हुआ भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार आज यूपी के फतेहपुर रामचन्द्र में गंगा घाट पर किया गया। श्रीमती पाल के निधन पर कोरबा व कटघोरा के पत्रकारों सहित गणमान्य लोगों ने शोक जताया और उनकी आत्मा की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



# शहर की स्वच्छता के लिए बालको ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने स्वच्छता दिवस के अवसर पर समुदाय में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये, जिसका उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। कंपनी ने स्वच्छता अभियान से लगभग 2800 सामुदायिक सदस्यों को जागरूकता संदेश देने का कार्य किया।

भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा 2024' मिशन के अनुरूप कंपनी ने समुदाय में स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन और स्रोत पृथक्करण पर सामुदायिक-आधारित संगठनों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। प्रशिक्षण में 90 से अधिक सदस्यों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही कंपनी के पर्यावरण टीम के सहयोग से समुदाय में स्वच्छता वार्ता का आयोजन जिसमें स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को सर्वोत्तम पर्यावरण प्रथाओं के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता को बढ़ावा देते हुए स्वच्छ भारत थीम पर स्थानीय कारीगरों तथा प्रशिक्षित किशोर लीडर ने



कठपुतली शो तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता के महत्व और समुदाय को प्रोत्साहित करने का काम किया। नगर निगम के साथ मिलकर कंपनी ने मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें 200 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवक और समुदाय के सदस्य ने सार्वजनिक पार्क को साफ किया। सफाई के साथ स्वच्छता शपथ ली तथा सामुदायिक एकजुटता का प्रदर्शन किया। युवाओं मे स्वच्छता समझ विकसित करने के लिए कंपनी ने 21 सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में 'स्वच्छता वार्ता' आयोजित किये। वार्ता में शामिल 1042 छात्रों को सामुदायिक स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ 3आर, रिड्यूस (कम करना), रीयूज़ (पुनः उपयोग करना) और रिसाइकिल (पुनर्चक्रण करना) के महत्व को बताया गया। छात्रों ने कचरे से आय मॉडल और पोस्टर बनाकर कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों और शिक्षकों ने अपने आस-पास की सफाई बनाए रखने के लिए 'स्वच्छता शपथ' ली।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com